(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

रोहित शेट्टी के फोर्स में ...8



गुरुवार, 28 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 129 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले, कोरोना वायरस की चुनौती अभी पूरी तरह टली नहीं है



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पिछले दो हफ्तों में कुछ राज्यों में जिस प्रकार से कोविड–19 संक्रमण के मामले बढ़े हैं, उससे स्पष्ट है कि कोरोना की चुनौती अभी पूरी तरह टली नहीं है, लिहाजा देशवासियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों, केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपालों और प्रशासकों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कोरोना महामारी की ताजा स्थिति की समीक्षा के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा, ''जिस तरह से पिछले दो हफ्तों में कुछ राज्यों में मामले बढ़े हैं उससे ये स्पष्ट है कि कोरोना की चुनौती अभी पूरी तरह टली नहीं है। ओमीक्रोन और उसके सब वैरिएंट्स किस तरह गम्भीर परिस्थिति पैदा कर सकते हैं, यह यूरोप के देशों में हम देख सकते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कुछ देशों में कोरोना के विभिन्न स्वरूपों की वजह से कुछ लहरें भी आई लेकिन भारत ने कई देशों की तुलना में हालात पर काफी बेहतर नियंत्रण रखा है। उन्होंने कहा, ''इन सब के बावजूद पिछले दो हफ्ते से जिस तरह से कुछ राज्यों में मामले बढ़ रहे हैं, उससे हमें सतर्क रहना है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में टीकाकरण ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत में पिछले 24 घंटों में कोविड–19 के 2,927 नए मामले आए। इसके साथ ही देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,30,65,496 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से 32 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,23,654 हो गई है। देश में कोविड–19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 16,279 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक संक्रमण की दैनिक दर 0.58 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.59 प्रतिशत है जबकि कोविड–19 से मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–19 रोधी टीकों की 188.19 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है।

## शिवपाल यादव को लेकर अखिलेश का तंज, बोले– अगर हमारे चाचा को भाजपा लेना चाहती है तो...



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शिवपाल यादव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां लगातार जारी है। दावा किया जा रहा है कि शिवपाल यादव भाजपा में शामिल हो सकते हैं। विधानसभा चुनाव के बाद से शिवपाल यादव और अखिलेश यादव के रिश्तो में खटास आई है। आलम तो यह है कि दोनों एक दूसरे से मुलाकात तक नहीं कर रहे हैं। इन सबके बीच आज मैनपुरी में अखिलेश यादव से शिवपाल यादव को लेकर सवाल पूछा गया। अखिलेश यादव ने साफ तौर पर कहा कि अगर हमारे चाचा को भाजपा लेना चाहती है तो देर क्यों कर रही है? भाजपा के लोग देर किस बात की कर रहे हैं। मुझे चाचा जी से कोई नाराजगी नहीं है लेकिन भाजपा बता सकती है कि वे क्यों खुश हैं।

अखिलेश यादव से आजम खान को लेकर भी सवाल किया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी आजम खान के साथ पूरी तरह से खड़ी है। अखिलेश यादव ने कहा कि मैंने उन लोगों से बात की है जिन्होंने उनके खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। उन पर सरकार का दबाव था। वही अखिलेश यादव ने मायावती पर भी तंज कसा। अखिलेश यादव ने कहा कि बसपा ने बीजेपी को वोट दिया है। अब सवाल यही है कि क्या बीजेपी मायावती को अध्यक्ष बनाएगी। इससे पहले समाजवादी पार्टी के साथ आजम खान की अनबन की खबरों पर चुटकी लेते हुए केशव मौर्य ने कहा कि यह समाजवादी पार्टी की बीमारी है। मैं डॉक्टर नहीं की इसका इलाज कर सकूं। उन्होंने कहा कि 2024 में समाजवादी पार्टी समाप्त पार्टी बन जाएगी।

इसी दौरान केशव मौर्य से संवाददाताओं ने शिवपाल यादव के पार्टी में शामिल होने को लेकर सवाल किया। इसके जवाब में केशव मौर्य ने साफ तौर पर कहा कि पार्टी अपनी जरूरत के हिसाब से यह तय करेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब हमारी जरूरत होगी तब उन्हें लिया जाएगा, नहीं जरूरत होगी तो नहीं लिया जाएगा। शिवपाल और योगी आदित्यनाथ के मुलाकात को लेकर पूछे गए सवाल पर केशव मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं और यहां का कोई भी नागरिक उनसे मुलाकात कर सकता है। अखिलेश यादव की मुलाकात कर सकते हैं। मायावती भी मुलाकात कर सकते हैं।

## पेट्रोल–डीजल के दाम पर पीएम मोदी के बयान को लेकर भड़के उद्धव ठाकरे, कहा– भेदभाव कर रही है केंद्र सरकार



मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों का भी मुद्दा उठाया। इसके साथ ही उन्होंने गैर बीजेपी शासित राज्यों से कहा कि वह वैट में कटौती करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को लेकर अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उद्धव ठाकरे ने साफ तौर पर कहा कि केंद्र सरकार को सभी राज्यों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए। लेकिन वह भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा टैक्स देने वाला राज्य महाराष्ट्र है। लेकिन आर्थिक मोर्चे पर महाराष्ट्र के साथ केंद्र सरकार लगातार भेदभाव कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि 26500 करोड रुपए का जीएसटी बकाया अब तक केंद्र सरकार से महाराष्ट्र को नहीं मिल सका है। मुख्यमंत्री कार्यालय का बयानः मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भी बयान आया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि आज, मुंबई में एक लीटर डीजल पर डीजल टैक्स का हिस्सा केंद्र के लिए 24.38 रुपये और राज्य के लिए 22.37 रुपये है। पेट्रोल टैक्स का हिस्सा केंद्रीय कर के रूप में 31.58 रुपये और राज्य कर के रूप में 32.55 रुपये है। इसलिए, यह सच नहीं है कि राज्य के कारण कीमतें अधिक महंगी हो गई हैं। बयान में कहा गया है कि राज्य के नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए, राज्य सरकार पहले ही प्राकृतिक गैस के संबंध में कर राहत दे चुकी है। प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस गैस पर वैट की दर 13.5ः से घटाकर 3ः कर दी गई है। भाजपा का पलटवारः वहीं, उद्धव ठाकरे के बयान को लेकर देवेंद्र फडणवीस ने भी पलटवार किया है। देवेंद्र फडणवीस ने साफ तौर पर कहा कि आरोप लगाने के बजाय लोगों को उधर सरकार राहत दें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल–डीजल पर नवंबर में एक्सरसाइज ड्यूटी घटाई थी लेकिन गैर भाजपा शासित राज्यों ने लोगों को राहत नहीं दी। प्रधानमंत्री ने राज्यों से वैट घटाने की अपील की है। देवेंद्र फडणवीस ने साफ तौर पर कहा कि अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए उद्धव ठाकरे केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं।

## प्रदेश की जनता को उत्तम चिकित्सकीय सेवायें उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्धः ब्रजेश पाठक



लखनऊ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश की जनता को उत्तम चिकित्सकीय सेवायें उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार अपनी इसी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है और आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के राजकीय क्षेत्र के निर्सिंग पाठयक्रम हेतु सुधारात्मक पहल करते हुए वर्तमान सत्र 2021–22 में 240 सीटों की वृद्धि की गयी है। प्रदेश के मेडिकल कालेज आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर, कन्नौज, ग्रेडर नोएडा तथा आर0एम0एल0 लखनऊ, प्रत्येक में 40–40 सीटों की वृद्धि की गयी है। इस प्रकार नर्सिंग की सीटों की संख्या 338 से बढ़ कर 578 हो गयी है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 06 राजकीय मेडिकल कालेजों अम्बेडकरनगर, जालौन, आजमगढ़, सहारनपुर, बांदा, तथा बदायूं एवं 05 स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज यथा हरदोई, शाहजहॉपुर बहराईच, बस्ती तथा आयोध्या में बी0एस0सी0 नर्सिंग की 60 सीट प्रति कालेज संचालित किये जाने हेतु पदों के सृजन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पहली बार राजकीय नर्सिंग कालेजों में बी0एस0सी0 नर्सिंग हेतु नीट यू0जी0 के माध्यम से 112 अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया गया है शेष छात्रों को अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के द्वारा प्रवेश प्रदान किया गया है।

## ममता बनर्जी का दावा– बंगाल में कानून व्यवस्था अच्छी, यूपी, गुजरात, एमपी में दर्ज नहीं होती शिकायत




पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा लगातार ममता बनर्जी और उनकी सरकार के खिलाफ हमलावर रहती है। इन सब के बीच आज ममता बनर्जी ने भी भाजपा पर पलटवार किया है। ममता बनर्जी ने दावा किया कि बंगाल में कानून व्यवस्था बेहतर है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून–व्यवस्था अच्छी है लेकिन मीडिया का एक वर्ग गलत सूचना फैला रहा है। वे मीडिया ट्रायल भी शुरू कर देते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे राज्य में, हम शिकायत दर्ज करते हैं। यूपी, गुजरात, एमपी में वे इसकी अनुमति नहीं देते हैं। आपने देखा होगा कि पत्रकार नग्न थे ताकि वे समाचार प्रकाशित न करें लेकिन मेरे राज्य में ऐसा नहीं होता। ममता बनर्जी ने कहा कि अगर मैं अपनी पार्टी में कुछ गलत देखती हूं, तो मैं गिरफ्तारी और जांच का आदेश देती हूं...भाजपा ने भी मेरे खिलाफ शिकायत की थी लेकिन क्या कोई सच्चाई थी? इसकी पड़ताल करने की कोशिश करें। अगर यह सच है तो मैं हमेशा इसे (मीडिया में) प्रकाशित करने के लिए कहती हूं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां कोई भी घटना घटती है और अगर वह सत्य है तो उसपर कार्रवाई की जाती है। मैंने भी लॉ पास किया है मैं भी कानून जानती हूं। दरअसल, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय नावान्न में विभिन्न योजनाओं और बढ़ रही गर्मी को लेकर सभी जिले के डीएम और एसपी के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। पश्चिम बंगाल सीएम ने कहा कि केंद्रीय परियोजनाओं का नाम दूरस्थ क्षेत्रों में भाषा अवरोधों के कारण रखा गया है जहां लोग केंद्र द्वारा दिए गए नामों को नहीं समझ सकते हैं। किसी भी मामले में, केंद्र राज्यों से वसूले गए करों के माध्यम से राज्यों को भुगतान करता है। फिर भी, केंद्र द्वारा नियमित अंतराल पर देय राशि भी विधिवत नहीं दी जाती है। बैठक के दैरान ब्ड ने कहा कि पाड़ा (इलाका) समाधान और दुआरे सरकार फिर से शुरू किया जाएगा। जिसके लिए फिर से आवेदन लिए जाएंगे।


## नवनीत राणा को फिल्म फाइनेंसर लकड़वाला से 80 लाख रुपये का कर्ज मिला थाः राउत




मुंबई। शिवसेना सांसद संजय राउत ने दावा किया कि निर्दलीय सांसद नवनीत राणा को फिल्म फाइनेंसर एवं बिल्डर यूसुफ लकड़वाला से 80 लाख रूपये का कर्ज मिला था। राउत ने इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की। लकड़वाला को धनशोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। उसकी पिछले वर्ष सितंबर में यहां आर्थर रोड जेल में मौत हो गई थी। राउत ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में संदेह जताया कि हनुमान चालीसा के पाठ को लेकर उठे राजनीतिक विवाद का कोई 'अंडरवर्ल्ड कनेक्शन' तो नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नवनीत राणा को बचाने की कोशिश कर रही है। नवनीत और उनके पति रवि राणा ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास 'मातोश्री' के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने का आह्वान किया था जिसके बाद मुंबई पुलिस ने शनिवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। दंपति ने चालीसा पाठ तो नहीं किया लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और राजद्रोह तथा विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने समेत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। राउत ने मंगलवार देर रात में ट्वीट किया, ''नवनीत राणा को यूसुफ लकड़वाला से 80 लाख रुपये का कर्ज मिला था। लकड़वाला की हाल में जेल में मौत हो गई थी। लकड़वाला को धन शोधन और डी–गैंग के साथ संपर्कों के कारण ईडी ने गिरफ्तार किया था। मेरा सवाल है कि क्या ईडी ने मामले की जांच की? यह राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल है। राउत ने बुधवार को एक अन्य ट्वीट में कहा, ''अंडरवर्ल्ड कनेक्शन। लकड़वाला को ईडी ने 200 करोड़ रुपये के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था और उसकी हवालात में मौत हो गई थी। यूसुफ का अवैध धन राणा के खाते में है। ईडी राणा को चाय कब पिलाएगी? डी–गैंग को क्यों बचाया जा रहा है? भाजपा चुप क्यों है?'' मंगलवार रात को राउत ने कथित तौर पर राणा के वित्तीय लेनदेन से जुड़ी एक तस्वीर ट्वीट की थी जिसमें लकड़वाला से लिये गये 80 लाख रुपये के कर्ज का जिक्र था।




## पीएम का पद संभालते ही शहबाज शरीफ को पाक कोर्ट से मिली राहत, धनशोधन मामले में सुनाया यह फैसला



लाहौर। पाकिस्तान की एक अदालत ने 14 अरब रुपये के धनशोधन मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बेटे व पंजाब के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हमजा शहबाज की अग्रिम जमानत की अवधि बुधवार को 14 मई तक बढ़ा दी। अदालत के एक अधिकारी ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया, ''संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) की लाहौर स्थित विशेष अदालत ने बुधवार को शहबाज के आवेदन को स्वीकार कर लिया, जिसमें एक दिन के लिए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मांगी गई थी। हालांकि, अदालत ने प्रधानमंत्री को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, अन्यथा वह अगली सुनवाई पर 14 मई को अभियोग की कार्यवाही शुरू करेगा।'' हमजा शरीफ हालांकि अदालत में पेश हुए। अधिकारी ने कहा कि अदालत ने शहबाज के वकील एडवोकेट अमजद परवेज को उनके इस दावे पर 14 मई को अदालत के समक्ष दलीलें पेश करने का निर्देश दिया कि उनके मुवक्किल को इस मामले में आरोपित नहीं किया जा सकता है। शहबाज सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) पार्टी के अध्यक्ष भी हैं। शहबाज और उनके बेटों – हमजा और सुलेमान – पर एफआईए ने नवंबर 2020 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धन शोधन निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। सुलेमान फरार है और ब्रिटेन में रह रहा है। एफआईए की जांच में कथित तौर पर शहबाज परिवार के 28 बेनामी खातों का पता चला है, जिसके माध्यम से 2008 से 2018 तक 14 अरब पाकिस्तानी रुपये (7.5 करोड़ अमरीकी डॉलर) की राशि का हेरफेर किया गया था। आरोपों के मुताबिक एफआईए ने 17,000 जमा लेनदेन की जांच की। आरोपों के अनुसार, राशि को ''गोपनीय खातों'' में रखा गया था और शहबाज को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में दिया गया था। इस बीच, लाहौर उच्च न्यायालय ने बुधवार को पंजाब के राज्यपाल ओमर सरफराज चीमा को, या तो खुद या किसी नामांकित व्यक्ति के माध्यम से, 28 अप्रैल तक निर्वाचित मुख्यमंत्री हमजा शहबाज को शपथ दिलाने की प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया। हमजा 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री चुने गए थे। हमजा और उनकी पार्टी ने शपथ ग्रहण में देरी के लिए अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान को जिम्मेदार ठहराया।

# गोमती बाबू ने जीवन भर गरीबों, मजलूमों व किसानों के हक की लड़ाई लड़ीः सगीर उस्मानी

गोण्डा। जिले के प्रसिद्ध समाजवादी नेता स्व0 गोमती प्रसाद यादव की पुण्य तिथि मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर, हाईवे स्थित पाण्डेयपुर बाजार में मनाई गई। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी वरिष्ठ नेता सगीर उस्मानी थे। उन्होंने कहा कि गोमती बाबू पेशे से वकील ही नहीं, एक ईमानदार, कर्मठ व पार्टी के प्रति समर्पित नेता थे। उन्होंने जीवन भर गरीबों, मजलूमों व किसानों के हक की लड़ाई लड़ी और उनकी समर्पित भाव से वकालत व सेवा की।

श्री उस्मानी ने इस मौके पर कहा कि वे मुव्वकिलों से कभी पैसे ही नहीं लेते थे। उन्होंने पैसे को कभी महत्व नहीं दिया। आदमी चला जाता है सिर्फ उसके गुण जिंदा रहते हैं। इस लिये आदमी के चले जाने के बाद भी उसे याद किया जाता है। जिंदा सिर्फ त्याग रहता है, जिंदा सिर्फ सच्चाई रहती है, जिंदा सिर्फ संघर्ष रहता है। अगर पैसे से कोई चीज हासिल हो सकती, तो जमशेद टाटा की तस्वीर हर जगह लगती, डेढ़ मीटर कपड़ा लपेटे गांधी की तस्वीर नहीं लगती। श्री उस्मानी यह भी उदाहरण दिया कि बाबा साहब की मृत्यु के समय कफन का पैसा नहीं था, जबकि बाबू जगजीवन राम अपने मृत्यु बाद करोड़ों की सम्पत्ति छोड़ गये। आज बाबा साहब का त्याग, सच्चाई व संघर्ष जिंदा दिख रहा है। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि दौलत बड़ी है त्याग। श्री उस्मानी ने गोमती बाबू के संर्घषों की याद दिलाया और डा0 राम मनोहर लोहिया, लोकबंधु राजनारायण, राम सेवक यादव से जुड़ाव पर भी प्रकाश डाला कि गोमती बाबू जिले के सच्चे समाजवादी सिपाही थे। पुण्यतिथि समारोह की शुरूआत गोमती बाबू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुये हुई। पत्रकार ए.आर. उस्मानी, वरूण यादव, हरीराम यादव, राम कुमार यादव, धनीराम यादव, अरूण कुमार पाण्डेय, लवकुश यादव, प्राचार्य सुखराम यादव, शिव कुमार यादव, अरूण यादव, प्रेम यादव, चीपू भाई, दिनेश यादव, मनोज पाण्डेय, मसीउज्जमा, शिवराम, शिवपाल वर्मा, शिवमूरत यादव, वदूद भाई, डा0 शादाब, रामजग यादव, शफ्कत, प्रीतम यादव , मो सईद उर्फ लखन, आदित्य यादव, आकाश यादव आदि तमाम लोगों ने श्रृद्धांजलि अर्पित की।

# सड़क हादसे में तीन लोगों की हुई मौत, कुत्ते को बचाने के चक्कर में हुई दुर्घटना

गोण्डा। थाना क्षेत्र तरबगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगहा के पास दोपहर कुत्ते को बचाने के चक्कर में एक बाइक सवार अनियंत्रित हो गया, जिससे सड़क पर जा रही वृद्ध महिला व एक बच्ची दुर्घटना का शिकार हो गई। बताते चलें कि दोपहर ग्राम पंचायत सिंगहा के पास महाराजगंज की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार बाइक सवार सामने से आ रहे कुत्ते को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया। जिससे सड़क के किनारे जा रही एक वृद्ध महिला एक बच्ची दुर्घटना का शिकार हो गए। जिसमें डिक्सीर निवासी 35 वर्षीय बाइक सवार मायाराम व मजगवा निवासी 60 वर्षीय शांति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं नागनाथ पुरवा निवासी 12 वर्षीय शुभी को अन्य लोगों द्वारा स्थानीय चिकित्सालय लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 60 वर्षीय मजगवा निवासी शांति सिंगहा गांव स्थित अपनी रिश्तेदारी में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थी और बगल के गांव स्थित रिश्तेदारी में जा रही थी, नागनाथ पुरवा निवासी 12 वर्षीय शुभी खेत में कट रहे गेहूं को देखने जा रही थी कि तभी महाराजगंज की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार बाइक सवार डिक्सीर निवासी मायाराम कुत्ते को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया और वृद्ध महिला को टक्कर मारकर बच्ची को भी अपनी चपेट में ले लिया दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि बाइक सवार का हेलमेट कई टुकड़ों में होकर सड़क पर बिखर गया। मोटरसाइकिल सवार वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई वही शुभी को स्थानीय लोगों द्वारा निजी चिकित्सालय लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर अपनी टीम के साथ पहुंचे थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सरोज ने मृतकों का पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अघोषित बिजली कटौती से मचा हाहाकार

इटियाथोक,गोंडा।भीषण गर्मी में गहराता बिजली का संकट क्षेत्र के करीब 22 हजार उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। बिजली का लोड बढ़ने से कहीं ट्रांसफार्मर फुंक रहा है, तो कहीं बिजली के उपकरण ही दगा दे रहे हैं। इटियाथोक विद्युत उप केंद्र से जुड़े ग्रामीण इलाकों में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान है। रात में नौ बजे से ग्यारह बजे और बारह बजे से चार बजे के बीच नियमित बिजली कटौती हो रही है।जबकि कटौती का कोई रोस्टर जारी नहीं किया गया है।दिन में भी कई बार घंटो बिजली गायब रहने से आम लोगों का चौन छिन गया है। एक तो भीषण गर्मी ऊपर से अघोषित बिजली कटौती से लोग बेहाल हैं। लोगों की रात की नींद और दिन का चौन छिन गया है। बिजली कटौती को लेकर कस्बा से लेकर ग्रामीण अंचलों में हाहाकार मच गया है। बिजली की किल्लत को लेकर लोगों में गुस्सा फूट रहा है।जेई अजय कुमार गुप्ता का कहना है कि उपभोक्ताओं को जल्द ही इस समस्या से निजात मिलेगी।

# शातिर, धोखेबाज इनामी महिला गिरफ्तार

## धोखाधड़ी व गबन सहित गंभीर आपराधिक मुकदमों के आरोप में काफी दिनों से से चल रही थी फरार

मिल्कीपुर–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध पर रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कुमारगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग गई है। थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से एक दर्जन मुकदमों में वांछित एक शातिर धोखेबाज एवं इनामिया अपराधी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम पकड़ी गई शातिर महिला को थाने ले आई जहां उसके विरुद्ध कुमारगंज थाने में दर्ज गंभीर आपराधिक मुकदमों के आरोप में जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि कुमारगंज थाना क्षेत्र सहित अन्य जनपद में फ्राड पोंजी कंपनी ड्रीम बुलियम एल बी आर वाई बनाकर लोगों का रूपया जमा कराने वाली कंपनी क्षेत्रवासी लोगों का धन दोगुना करने का झांसा देकर निवेश कराने के उपरांत फरार हो गई थी। कंपनी के एमडी अंकित अग्रहरि एवं सर्वेश वर्तमान में धोखाधड़ी सहित गंभीर आपराधिक मुकदमों के आरोप में जेल में बंद हैं। कंपनी द्वारा निवेशकों का पैसा वापस न दिए जाने के बाद निवेशकर्ताओं ने कंपनी की डायरेक्टर वांछितध्पुरस्कार घोषित अभियुक्ता कंपनी के एमडी अंकित अग्रहरि की माता गीता देवी पत्नी लालचंद अग्रहरि निवासी ग्राम लोहंगी सरैया थाना धनपतगंज जनपद सुल्तानपुर के विरुद्ध धोखाधड़ी एवं गबन सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। धोखाधड़ी सहित गंभीर आपराधिक धाराओं के मुकदमों में वांछित महिला गीता पत्नी लालचंद विगत काफी दिनों से फरार चल रही थी। जिसकी गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आरके श्रीवास्तव एवं थानाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर दी गई थी। एसएसपी अयोध्या द्वारा फरार शातिर अपराधी महिला पर इनाम भी घोषित कर दिया गया था। थानाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम एवं एसओजी सर्विलांस प्रभारी रतन शर्मा को वांछित इनामिया शातिर अपराधी महिला के कुमारगंज कस्बा स्थित गोकुला डबल नहर के पास मौजूद होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिन्हें देख शातिर महिला भागने की फिराक में थी। किंतु पुलिस टीम में मौजूद महिला कांस्टेबलों में दौड़ाकर वांछित शातिर अपराधी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम पकड़ी गई अपराधी महिला को थाने ले आई। जहां उसके विरुद्ध विभिन्न जनपदों के थानों में दर्ज धोखाधड़ी सहित गंभीर आपराधिक मुकदमों के आरोप में थानाध्यक्ष वीर सिंह ने जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रमुख रूप से थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह, एसओजी प्रभारी रतन शर्मा, उप निरीक्षक शंकरलाल यादव, उप निरीक्षक अभिषेक सिंह एवं उप निरीक्षक उमेश कुमार वर्मा एवं उप निरीक्षक संतोष कुमार मौर्य चौकी प्रभारी एनडीए के साथ कांस्टेबल पंकज कुमार, राहुल सिंह, एवं महिला कांस्टेबल अकांक्षा मिश्रा व यमुना शामिल रहीं।

## घायल हिरण की ग्रामीणों ने बचाई जान

इटियाथोक,गोंडा।जंगल से भटक कर एक हिरण पारा सराय के एक गांव में पहुंच गया।जहां कुत्तों ने हिरण को घेर कर उस पर हमला बोल दिया।जिसकी भनक ग्रामीणों को लगते ही कुत्तों के चंगुल से हिरण को बचा लिया।फिलहाल,हिरण जख्मी हालत में पाया गया।इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारासराय के मजरा अहिरन पुरवा गांव में सुबह कहीं से एक हिरण पहुंच गया। जिस पर कुत्तों की नजर पड़ते ही उसकी घेराबंदी कर हमला कर दिया। कुत्तों के हमला करने की आवाज और उनका झुंड देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।जहां एक हिरण जमीन पर पड़ा था।उसे बचाने के लिए रामू, इंदर यादव, सुरेश ने कुत्तों को दौड़ा लिया। जिससे किसी तरह हिरण की जान तो बच गई, परंतु वह जख्मी हो गया। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के दारोगा ओम प्रकाश दूबे, वाचर राम नरेश यादव, वाचर रामू,भुजऊ के साथ गांव पहुंचकर हिरण को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग ही अब हिरन का इलाज कराएगा।

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ अवैध शराब की बिक्री पर रोकथाम लगाने के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चलाये गए विशेष अभियान के तहत इलाके से एक युवक को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट के तहत केस दर्जकर चालान कर दिया।एसएचओ केके मिश्र के मुताबिक एसआई संजीव कुमार सिपाही मनीष कुमार की टीम ने रात्रि 11:30पर चन्द्रदीप गांव के आगे नहर पुकिया के पास से एक युवक को पकड़ा,जिसके पास से दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुआ।आरोपी की पहचान मो0शरफराज पुत्र सोहराब अली निवासी अमसिन कोतवाली गोसाईगंज जनपद अयोध्या के रूप में हुई।

## महिला से अभद्रता पर मारपीट, 10 लोग घायल

अयोध्या। कैंट थाना अंतर्गत पुलिस चौकी औद्योगिक क्षेत्र के पूरे काशीनाथ में ब्यूटी पार्लर संचालिका से नशे में अभद्रता करने पर हुई मारपीट में 10 लोग जख्मी हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे काशीनाथ में रीमा यादव पत्नी मंजीत यादव ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। रात लगभग 8:30 बजे गांव के ही महेश यादव एवं उनके चालक दो अज्ञात ब्यूटी पार्लर पहुंचकर रीमा से अभद्रता शुरू कर दी। पास में ही सब्जी की दुकान करने वाले भाई विकास के विरोध करने पर महेश यादव व उनके अन्य तीन साथियों ने मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना पर पंहुचे परिजन बीच बचाव करने लगे। लेकिन दोनों पक्ष लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। राजेश्वरी यादव पत्नी अनंतराम यादव, मनजीत कुमार, रागिनी व मीनाक्षी पुत्री अनंतराम यादव, घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को रात में जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां गम्भीर घायल राजेश्वरी यादव को इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर एके कुशवाहा ने भर्ती कर उपचार शुरू किया। अन्य चोटहिल लोगों का पुलिस मेडिको लीगल व प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। दूसरे पक्ष के चार लोगों को चोट लगी है। जिसमें महेश यादव गम्भीर घायल हुए हैं। जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अन्य तीनों को मेडिको लीगल व प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। केंट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर दिए जाने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

## सांसद ने अभियंताओं के साथ दुर्घटना बाहुल्य पुल का किया निरीक्षण

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने थाना पूराकलन्दर क्षेत्र स्थित दर्शननगर गंगौली मार्ग में पड़ने वाले शारदा सहायक नहर पर मौजूद दुघर्टना बाहुल्य पुल का सिचाई विभाग व पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियन्ताओं के साथ निरीक्षण किया। इस पुल पर अंधा मोड है। जिससे दुघर्टनाओं की सम्भावना काफी ज्यादा रहती है। कुछ दिन पहले इसी मोड़ पर एक कार नहर में गिर गयी थी। जिसमें तीन की मौत हो गयी थी। सांसद लल्लू सिंह ने गम्भीरता से इस घटना का संज्ञान लेते हुए क्षेत्र का निरीक्षण करने उपरान्त त्वरित कार्यवाही का निर्देश किया। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि पुल को सीधा करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने का निर्देश अधिकारियों को दे दिया गया है। जिससे इस पुल पर आगे कोई दुघर्टना न हो। इसके साथ में अभी अस्थाई तौर पर पुल के दोनो तरफ ब्रेकर तथा जाली तत्काल लगाने के लिए कहा गया है। जिससे दुघर्टना की सम्भावनाएं काफी कम हो सके। उन्होने बताया कि इस मार्ग का बड़ी संख्या में लोग उपयोग करते है। अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव भेजने के उपरान्त शासन स्तर पर वार्ता करके प्राथमिकता के आधार पर पुल को ठीक कराने का कार्य किया जायेगा। निवासियों को बेहतर तथा उच्च स्तर की परिवाहन सुविधा देने के लिए हम कटिबद्ध है। जिसके तहत गांवो को मुख्य मार्गो से बेहतर सड़क के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय लोग, सिचाई व पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# हार्डवेयर और होजरी सामान की आड़ में की जा रही थी शराब की तस्करी

## एसटीएफ की मदद से नगर कोतवाली पुलिस ने पकड़ा ट्रक, दो गिरफ्तार, 26 लाख की शराब बरामद

अयोध्या। जनपद की नगर कोतवाली पुलिस ने एसटीएफ की मददद से हार्डवेयर और होजरी तथा अन्य सामान की आड़ में पंजाब प्रान्त से बिहार को शराब तस्करी का खुलासा किया है। पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी ट्रक से लगभग 26 लाख रूपये कीमत की अंग्रेजी शराब पकड़ी है और चालक तथा सहचालक को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि एसटीएफ की ओर से नगर कोतवाली पुलिस को बिहार प्रान्त को शराब की तस्करी की खबर मिली। सूचना दी गई कि एक ट्रक से अन्य सामानों की आड़ में पंजाब प्रान्त से अवैध शराब की खेप तस्करी कर ले जाई जा रही है। एसटीएफ ने नगर कोतवाल देवेंद्र सिंह की पुलिस टीम के साथ नवीनमन्डी ओवरब्रिज के पहले नाकाबन्दी कर ट्रक यूपी 42 बीटी 1101 को रोका तो चालक ने वाहन समेत भागने की कोशिशक की, लेकिन पहले से मुस्तैद पुलिस ने वाहन तथा उस पर सवार दोनों लोगों को पकड़ लिया। ट्रक की तलाशी ली तो उसमें हार्डवेयर, होजरी और कॉस्मेटिक्स के सामन के बीच छिपकर रखे गए अंग्रेजी शराब के गत्ते मिले। कड़ाई से पूछताछ में पकड़े गए पंजाब प्रान्त के रूप नगर जनपद के थाना नूरपुरबेदी स्थित गाँव झगरियान निवासी पवन कुमार तथा इसी थाना क्षेत्र के गाँव करतारपुर निवासी महेन्द्र पाल ने शराब तस्करी की बात कबूल कर ली।

दोनों ने बताया कि पुलिस को झांसा देने के लिये उन्होंने ट्रक पर लोकल पंजीकरण नंबर का प्लेट लगा रखा है। सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी नगर पलाश बंसल ने बताया कि मौके से पुलिस ने किंग्स गोल्ड स्पेशल विस्की 750 मिली की 1128 बोतल, 375 मिली की 2376 बोतल,180 मिली की 4656 बोतल अर्थात कुल 8160 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। जिसकी कीमत लगभग 26 लाख 9 हजार रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि कूटरचित फर्जी नम्बर प्लेट ट्रक यूपी 42 बीटी 1101,जिसका वास्तविक नम्बर पीबी 65 एम 3850 है के साथ पुलिस ने 17 नग हार्डवेयर, होजरी, कास्मेटिक के सामान और तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब को जब्त किया है तथा दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करवा आरोपियों का चलान किया है।

## महिला पत्रकार ने रास्ते में मिले कीमती आई फोन को पुलिस अधीक्षक को सुपुर्द कर पेश की ईमानदारी की मिशाल

गोण्डा ।. पंजाब केशरी की पत्रकार श्रीमती चन्दा नरायन राव नि0 सकरौरा थाना करनैलगंज जनपद गोण्डा को मॉर्निंग वाक के दौरान हुजूरपुर मोड़ के पास एप्पल कम्पन्नी का कीमती आई0फोन पड़ा मिला था। श्रीमती चन्दा नरायन राव ने ईमानदारी की मिशाल पेश करते हुए पुलिस कार्यालय गोण्डा में आकर मोबाइल फोन को पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा को सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी ईमानदारी को सराहा गया तथा वहां मौजूद समस्त पुलिस बल द्वारा उनकी ईमानदारी की भूरि–भूरि प्रशंसा भी की गयी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सर्विलांस के माध्यम से मोबाइल फोन के धारक का पता लगाकर मोबाइल फोन को उसके सुपुर्द किया जाएगा।

## सकरौरा के जलमग्न तालाब व नगर के बड़ा शिवाला सहित अन्य के सौन्दरीकरण कराने की मांग

करनैलगंज(गोंडा)। नगर पालिका परिषद करनैलगंज के नामित सभासद मुकेश वैश्य, आशीष गिरि व बृजेश शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष व ईओ को पत्र दिया है। जिसमे सकरौरा के जलमग्न तालाब का शौन्दरीकरण कराने, नगर के बड़ा शिवाला, सकरौरा, गायत्री मन्दिर सकरौरा, रामजानकी चतुर्भुजी मंदिर बालकराम पुरवा, सरस्वती शिशु मंदिर, अस्पताल, बसस्टॉप आदि स्थानों पर पेयजल के लिये वाटर कूलर लगवाते हुये कूड़ा दान रखवाने, हुजूरपुर मार्ग पर यात्री प्रतीक्षालय बनवाने बेसहारा पशुओं के लिये आश्रय स्थल का निर्माण कराने, गाड़ी बाजार पूर्वी के शिवमंदिर के आसपास, सकरौरा में संतोष गुप्ता की गली तक, ब्रम्हचारी से शारदा पांडेय के घर तक, ब्रम्हचारी से ब्रह्मकुमारी आश्रम तक इंटर लॉकिंग का निर्माण कराने, नगर के धार्मिक स्थलों को जाने वाले मार्ग का मरम्मत कराने, कुओं की मरम्मत कराने, रामजानकी मन्दिर परिसर में पार्क के साथ बाउंड्रीवाल व नाली का निर्माण कराने, कोतवाली के पास कांजी हाऊस का निर्माण कराने की मांग की गई है।

# भाई ने बहन के शव का पोस्टमार्टम कराने की लगाई गोहार

## छः दिन पूर्व दुपट्टे से घर मे लटकी मिली थी किशोरी की लाश

अयोध्या। तारुन थाना क्षेत्र के वेदापुर मजरे पनभरिया गांव निवासी दलित किशोरी रोशनी की छः दिन पूर्व 20 अप्रैल को उसी के घर मे दोपहर फांसी के फंदे से दुपट्टे के सहारे झूलती मिली लाश मामले में नया मोड़ आ गया है। किशोरी की लाश को मृतक परिजन रिश्तेदारों की मदद से पुलिस को बिना सूचना दिये गांव वालों की मदद से शव दफनवा दिये थे। घटना की खबर पाकर कलकत्ता ईंट भट्ठे से तीसरे दिन अपने घर पहुँचे मृतका के भाई चन्दन ने अपनी बहन के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा अमानवीय कृत्य कर उसकी गला दबाकर हत्या किये जाने की शिकायत 22 अप्रैल को इलाकाई पुलिस सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर पुलिस महकमे में हलचल मचा दी। पीड़ित की शिकायत को इलाकाई पुलिस ने संज्ञान में लेकर 23 अप्रैल को थाने के रोजनामचे की जीडी में 2 बजकर 57 मिनट पर दर्जकर मामले की जानकारी तत्काल अपने मातहत उच्चाधिकारियों को दे दी। अब मुकामी पुलिस अपने उच्चाधिकारियों के आदेश की आस लिए शव को कब्र से खुध्दवाकर पोस्टमार्टम भेजवाने की तैयारी में जुटी हुई हैं।मृतका किशोरी की माँ सुमन गांव के प्राथमिक विद्यालय में रसोईयां के पद पर कार्यरत हैं। घर पर स्कूल की रसोईयां सुमन अपनी बेटी रोशनी 14 बर्ष के साथ रहती थी। जबकि उसकी बड़ी बेटी लक्ष्मी पड़ोसी जिले अम्बेडकर नगर ब्याही हैं और बेटा चन्दन रोजी रोटी के सिलसिले में कलकत्ता ईंट भट्ठे पर रहकर मजदूरी करता था।रोशनी की मौत से परिवार सदमे में है। परिजन किसी से दुश्मनी जैसी बात नकारते हैं और वे रोशनी की लाश का पोस्टमार्टम कराकर मौत की हकीकत जानना चाहते हैं। मृतका कक्षा 9 की छात्रा थी जो पड़ोसी गांव तारापुर के एक विद्यालय में पढ़ती थी।मामले की जांच कर रहे दरोगा सुनील कुमार का कहना है कि प्रकरण से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।जैसा दिशा निर्देश मिलेगा उसी के अनुसार आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## वैवाहिक कार्यक्रम में मिठाई बनाते समय सिलेंडर में लगी आग

मिल्कीपुर, अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम घुरेहटा मजरे जहानपुर में मेहमानों के लिए हलवाई द्वारा मिठाई बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में लगी भीषण आग से छप्पर के नीचे रखी मिठाई सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए हैं। भीषण आग बुझाते समय दो लोग झुलस गए हैं। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग को बुझाने में सफलता प्राप्त की। बताया गया कि बुधवार को ग्राम घुरेहटा मजरे जहानपुर निवासी ओमप्रकाश सिंह के बेटी की शादी है। मातृ पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। बारात आने के एक दिन पूर्व ही ओमप्रकाश सिंह के मकान के ठीक सामने स्थित छप्पर में मेहमानों के खातिर हलवाई द्वारा मिठाई बनाई जा रही थी। अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई और आग की लपटों ने छप्पर में पकड़ लिया। देखते ही देखते छप्पर से आग की लपटें उठने लगीं। यह देख भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। आग बुझाते समय गांव के ही सूरज यादव एवं आनंद पांडे झुलस भी गए। आग बेकाबू देख ग्रामीणों ने अग्निकांड की सूचना जिला पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही मिल्कीपुर फायर स्टेशन प्रभारी नितेश शुक्ला के नेतृत्व में अग्निशमन कर्मियों की टीम में शामिल वाहन चालक दिनेश मिश्रा, फायरमैन मनोज कुमार, उदय शंकर पांडे, अनुज कुमार एवं उत्तम कुमार राजवंशी मौके पर पहुंच गए और अग्निशमन कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग को बुझाने में सफलता प्राप्त कर ली। कर्मबीर सिंह ने बताया कि जब तक आग को बुझाया जाता तब तक अग्निकांड में मेहमानों के लिए बनाकर रखी गई भारी मात्रा में मिठाई सहित अन्य लड़की के परिजनों द्वारा एकत्रित किए गए सामान भी जलकर नष्ट हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर मांगलिक कार्यक्रम आयोजन से पूर्व ही घटी अग्निकांड की घटना को लेकर परिवार की खुशियां गम में बदल गई हैं।

## अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन के खिलाफ क्रमिक अनशन किया शुरू


करनैलगंज(गोंडा)।अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन के खिलाफ क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। तहसील परिसर में बार एसोसिएशन की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप बली सिंह ने की। जहां तहसील प्रशासन के खिलाफ चल रहे धरने पर अधिवक्ताओं की राय ली गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह पारित हुआ कि 27 व 28 अप्रैल को क्रमिक अनशन पहले की तरह चलता रहेगा। जहाँ बीच बीच में अधिवक्ता साथी तहसील परिसर में लोकतान्त्रिक तरीके से नारेबाजी करेंगे। अगर इतने पर भी तहसील प्रशासन नही मानता है और हठधर्मिता नही छोड़ता है तो 29 अप्रैल से तहसील परिसर की पूर्ण तालाबंदी की जाएगी। यह जानकारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह व महामंत्री बाबादीन मिश्र के संयुक्त पत्र से दी गई।

# लुम्बिनी में दर्शनार्थियों पर्यटकों को झेलनी पड़ती हैं समस्या

## मुंडन स्थल पर फैली रहती है गंदगी व्यवस्था नदारद

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। भारत नेपाल सीमा के लुम्बिनी में बुद्ध की जन्मस्थली को देखने, पूजने के लिये हजारों अनुयाइयों की भीड़ नित्य जमा होती हैं। यहां विश्व के लगभग सभी देशों ने अपने देश के अनुयायियों के लिये मंदिर का निर्माण कराया है। यहां हर वर्ष बुद्ध पूर्णिमा के दिन बड़ा मेला लगता है, नेपाल भारत के लोक अक्कसर लुम्बिनी माता के नाम मनौती रखते हैं, पूर्ण होने पर लोग अपनी आस्था से मुंडन संस्कार, बैवाहिक कार्यक्रम करते हैं। पहले बुद्ध स्थली पर आने जाने वाले लोगो का कोई कर नही लगता था, लेकिन विगत कुछ वर्षों से नेपाल छोड़ अन्य देशों के लिये कर लगा दिया गया है। पहले भारतीयों को दस रुपये, अन्य देशों को 100 से 300 रुपये देने होते थे, लेकिन उसकी बढ़ोतरी करते हुए अब नेपाल के लोगो 20 रुपये कर लगा दिए गए है। नेपाली लोकल नागरिक अपने परिचयपत्र दिखा कर मुफ्त में प्रवेष कर सकता है। वही भारतीयों के लिये शुल्क नेपाली रुपये 40 कर दिए गए है,फॉरेन देशों का शुल्क छा सौ रुपए कर दिए गए हैं। लेकिन नेपाल सरकार मंदिर की व्यवस्था में फेल नजर आ रहा है। पर्यटकों के आने पर माया देवी मंदिर परिसर में पानी की टंकी लगी है पर पानी नही मिल पा रहा है। शौचालय बना है,पर व्यवस्था सुचारू नहीं है, मुंडन स्थल पर गंदगी का अंबार लगा रहता है।सुंदरीकरण के नाम पर यहां धनारोहड़ हो रहा है। गर्मी का महीना है लोगो को नगें पांव चलना पड़ता है, जिससे पैरों में छाले पड़ जाते है, मंदिर के रास्ते पर कोई मैंट की व्यवस्था नही है। भारत के साथ नेपाल का रोटी बेटी का रिश्ता है, जिससे भारतीय पर्यटकों का कहना है कि नेपाल सरकार को शुल्क मुक्त करना चाहिए। गोरखपुर शहर से आई शकुंतला देवी, राधेश्याम जायसवाल का कहना है कि, सुबिधा शुल्क खत्म नही कर रहें हैं, तो पानी, शौचालय, मैट की व्यवस्था होनी चाहिये, भारतीयों के अलावा फॉरेन देशों के पर्यटक आते हैं, जो बहुत कोमल होते है उनको भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही रूपन्देही जिले के अकरमुद्दीन मुसलमान वार्ड अध्यक्ष वार्ड नं0 3 का कहना है, भारत नेपाल का रिश्ता रोटी बेटी का है, भारतीयों के लिये नेपाल सरकार विचार करे। उन्होंने ने कहा इसके लिये हमने पूर्व पर्यटन मंत्री वा वर्तमान पर्यटन मंत्री योगेश भटराई को लिखित पत्र भेज कर शुल्क हटाने पर बिचार करने की मांग किया है, अशोक सम्राट भी बीसवें वर्ष में राज्य भ्रमण पर आए थे उन्होंने कहा था कि लुम्बिनी में आने वाले दर्शनार्थियों पर कोई कर नहीं देय होगा। आठ भाग को छोड़ बाकी पर कोई कर लागू नही होगा, तो फिर नेपाल सरकार क्यों थोप रही है।



# किसान पाठशाला चलाकर किसानों को फसल बीमा योजना की दी गई जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत किसान पाठशाला चलाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है किसान किस तरह खेती जिससे किसानों के फसल में ज्यादा उत्पादन हो सके किसानो को पाठशाला में ये भी बताया गया की खेती कैसे करे किस प्रकार से करना चाहिए और रोग लगने पर क्या क्या दवा डाले और खेत में जैविक खाद का ज्यादा प्रयोग करे और किसान केवाईसी और ई केवाईसी करा डाले जिससे प्रधानमंत्री फसल योजना का लाभ मिल सके किसान पाठशाला में ज्यादा किसान मौजूद रहे किसान पाठशाला चोरई प्रथम, सियरापार गांव के किसानो को किया गया जागरूक किसानो ने खेती के बारे में जानकारी भी ली। मोहित कुमार सिंह, ग्राम प्रधान भी रहे मौजूद।





# जनता इंटर कॉलेज में नवागत प्रधानाचार्य ने कार्यभार ग्रहण किया

## जनता इंटर कॉलेज में नवागत प्रधानाचार्य बने- डॉ० कैप्टन नीरज कुमार श्रीवास्तव





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। के मुख्यालय स्थित सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, सिद्धार्थनगर में तदर्थ प्रधानाचार्य के रूप में कार्य कर रहे थे। डॉ०श्रीवास्तव अपने लगभग 19 वर्षों के कार्यकाल में शिक्षा के साथ ही साथ सामाजिक जागरूकता और पाठ्य-सहगामी क्रियाओं के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए जाने जाते हैं। डॉ० श्रीवास्तव ने जनपद सिद्धार्थनगर के श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज में तदर्थ प्रधानाचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात खेलकूद के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने वालीबाल के क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल कर जनपदवासियों का गौरव बढ़ाया, जिससे विद्यालय के साथ-साथ जिले का नाम रोशन हुआ। इस उपलब्धि के कारण मुख्यमंत्री सहित सांसद डुमरियागंज, पूर्व बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री डॉ० सतीश द्विवेदी, आदरणीय जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर सहित तमाम गणमान्य व्यक्तियों ने इन बच्चियों को सम्मानित किया। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन०सी०सी०) के क्षेत्र में राष्ट्रीय-एकता और राष्ट्-निर्माण के साथ ही साथ सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए कैप्टन (डॉ०) नीरज कुमार श्रीवास्तव को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष-2019 में सम्मानित किया गया, आपके कार्य को देखते हुए पूर्व ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राजपुरोहित ने भी एक्सीलेंट एन०सी०सी० ऑफिसर का अवार्ड दिया। विद्यालयीय गतिविधियों में आप की सक्रियता को देखते हुए पूर्व चेयरमैन लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश और वर्तमान में प्रशिक्षण आयुक्त उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड ने आपको जिला मुख्यायुक्त जनपद सिद्धार्थनगर नियुक्त किया। पद प्राप्ति की तिथि से आपने कार्य आरंभ किया परंतु आपने बताया कि जनपद सिद्धार्थनगर से जनपद गोरखपुर में आयोग द्वारा प्रधानाचार्य पद पर चयनित होने के कारण स्काउट और गाइड के क्षेत्र में कार्य करना अभी शेष रह गया है। विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार नायक सहित विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने आपका स्वागत करते हुए आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, साथ ही पूर्व की भांति ही पठन-पाठन, अनुशासन और अन्य क्रियाकलाप में बेहतर करने की अपेक्षा भी की। डॉ० (कैप्टन) नीरज कुमार श्रीवास्तव पुत्र शोहरत लाल श्रीवास्तव, ग्राम-मन्तापुर (चौमुखा) पोस्ट-कैंपियरगंज के निवासी हैं,आपका परिवार शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए जाना जाता है। आपके भतीजे प्रांशु श्रीवास्तव ने अभी हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग की आई०ई०एस० की परीक्षा में 16वां स्थान प्राप्त किया है।

# कर्मचारीगण को दी गई भावभीनी विदाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के आदेश के अनुपालन में





थाना स्थानीय से स्थानांतरित हुए अधिकारीध्कर्मचारीगण को बुधवार को कोतवाली प्रभारी सूर्यप्रकाश सिंह के नेतृत्व में कोतवाली कपिलवस्तु से अन्य स्थान के लिये स्थान्तरित कर्मचारीगण को जलपान करा व माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान एसआई किशोरी लाल चौधरी, दिलीप यादव, सुग्रीव चन्द्र, शशि प्रकाश सिंह, जुनैद, सहित सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# श्रेष्ठा के मेधावी छात्रों को दी गई वेश व बस्ता सहित आवश्यक वस्तुए

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में भारत सरकार की योजना अंतर्गत श्रेष्ठा के मेधावी छात्रों को जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य द्वारा वेश बस्ता सहित अन्य आवश्यक व उपयोगी को वस्तुओं प्रदान कर छात्रों से सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप खरा उतरने की बात कही गई। बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के मेधावी छात्रों को प्रतिष्ठित निजी स्कूलों में गुणवत्ता पूर्ण उत्कृष्ट आवासीय शिक्षा मुहैया कराने के लिए श्रेष्ठ नामक योजना शुरू की गई है जिसके तहत पढ़ाई का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। उक्त अवसर पर विद्या भारती गोरक्ष प्रांत के संगठन मंत्री रामय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व समाज द्वारा क्यों हमें आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए कि हम आगे बढ़कर देश व समाज के लिए काम करें। हम समाज के अभिन्न अंग है समाज से कभी कटे नहीं समाज से हमेशा जुड़ कर समाज को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयत्न करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने अतिथियों का परिचय कराया। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक तुलसीराम, आचार्य निमिष शुक्ल, राजबली व विवेक समेत अन्य आचार्य बंधुओं व कर्मचारी बंधुओं की उपस्थिति रही।






# जिलाधिकारी ने किया जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा दिव्यांगजनो के पुर्नवास व सामाजिक सश्क्तीकरण हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांग जनसश्क्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिया कि दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं यू0डी0अदई0डी0 कार्ड शीघ्र बनवाये। इसके अलावा दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ प्रदान किये जाने हेतु विवाह पंजीकरण प्रमाण-पत्र बनाने के कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अनिल कुमार चौधरी, क्षेत्राधिकारी नौगढ़, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला दिव्यांग जन सश्क्तीकरण अधिकारी एजाजुल हक खान, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, अर्जुन कुमार, कु0 मोनी वर्मा तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।





# राधेश्याम सिंह के तूफानी दौरा से नगर पंचायत सोनौली में मचा हलचल



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज। विधानसभा संयोजक राधेश्याम सिंह ने सोनौली नगर पंचायत वार्ड नम्बर 5 गौतम बुद्ध नगर में किया जनसंपर्क। बताते चले की जनसंपर्क में लोगों का कुशलक्षेम पूछे और सरकार की योजनाओं पर चर्चा करते राशन, किसान सम्मान निधि, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन जैसे तमाम विषयों पर चर्चा करते हुऐ लोगो को लाभ लेने के लिए जागरूक किये साथ में तमाम भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे सागर विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, वार्ड के सभासद सुरेन्द्र विश्वकर्मा, पिछड़ा मोर्चा जिला सोध प्रमुख हरिनारायण लोधी, सोहन मद्धेशिया मनोज कनौजिया, सिकंदर कनौजिया, शिवपूजन और वार्ड के लोग मौके पर मौजूद रहे।

# उसका बाजार वासियों को मिले नए थाना अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार। नए एसएचओ ने संभाली कार्य भार मार पीट के मामले में एसएचओ सतीश कुमार सिंह को पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने पथरा थाने पर सेकंड ऑफिसर बनाए गए है डीसीआरबी के प्रभारी रह चुके सूर्यभान सिंह अब उसका बाजार के नए एसएचओ बनाए गए है सोमवार को रात में कार्यभार ग्रहण किए और कहे की पूरी ईमानदारी के साथ कार्य निर्वहन करेंगे उसका बाजार की पुलिस नए एसएचओ का फूल माला पहनाकर स्वागत किए।



# वादी संवाद दिवस में पहुंचे पुलिस कप्तान

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। भारत-नेपाल सीमा से सटे सरहदी क्षेत्र का थाना बरगदवा में बुधवार को वादी संवाद दिवस का आयोजन किया गया। बताते चले कि वादी संवाद दिवस में एसपी महाराजगंज डॉ. कौस्तुभ स्वयं पहुंचकर मुकदमा वादियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनें और उन्हें निष्पक्ष कार्यवाही एवं विवेचना हेतु आश्वस्त किया। साथ ही उन्होंने समस्त विवेचकों को विवेचनाओं को शीघ्र गुण-दोष के आधार पर विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया और कहां की इसमें किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस मौके पर थाना प्रभारी समेत सभी हलके के दरोगा मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

**मै भविष्यवाणी कर दे रहा हूं कि भारत की राजनीति, राष्ट्र–राज्य व शासन की तासीर अब सौ टका बुलडोजर की आत्मा प्राप्त कर चुकी है। भविष्य में हर नेता बुलडोजर मॉडल के उपयोग से वोट पकाएंगा और राज करेगा। हिंदुओं को उनके शासन के असली मश्चडल का वरदान मिल गया है। सोचे ...**

# कश्मीर में लोकतंत्र की वापसी?

पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में कल प्रधानमंत्री ने जम्मू में ऐसी परियोजनाओं का शिलान्यास किया है, जिनसे जम्मू–कश्मीर की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। 20 हजार करोड़ रु. सरकार लगाएगी और 38 हजार करोड़ रु. का निवेश पिछले दो साल में हो चुका है। प्रधानमंत्री के साथ दुबई और अबू धाबी के निवेशक भी उस समारोह में उपस्थित थे। इस निवेश से कश्मीर के लोगों की सुविधाएं बढ़ेंगी और लाखों नए रोजगार भी पैदा होंगे।

जम्मू के पल्ली गांव में 500 किलोवाट के सोलर प्लांट का शुभारंभ करके उन्होंने सारे देश को संदेश दिया है कि भारत चाहे तो अगले कुछ ही वर्षों में बिजली, ईंधन और तेल के प्रदूषण से मुक्त हो सकता है। बनीहाल से काजीगुंड तक की सुरंग जैसे कई निर्माण–कार्य संपन्न होंगे, जिनके परिणामस्वरुप आवागमन और यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा। केंद्र सरकार आजकल जम्मू–कश्मीर के लिए पहले की तुलना में ज्यादा योगदान कर रही है। उसके कुल खर्च का 64 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार देती है।

देश के बहुत कम राज्यों को इतनी बड़ी मात्रा में केंद्र सरकार की मदद मिलती है। पंचायत राज दिवस के दिन जम्मू–कश्मीर के लिए की गई इन घोषणाओं का स्वागत है लेकिन यह बड़ा सवाल भी विचारणीय है कि देश में पंचायतों को हमने अधिकार कितने दिए हैं? पंचायतों को ताकतवर बनाने का अर्थ हैकृ सत्ता का विकेंद्रीकरण! क्या केंद्र और राज्यों की सरकारें इसके लिए सहर्ष तैयार हैं। जम्मू–कश्मीर में लोगों की शिकायत यह भी है कि अगस्त 2019 में उसका जो विशेष दर्जा खत्म किया गया था, उसे केंद्र सरकार कब तक अधर में लटकाए रखेगी? प्रधानमंत्री और गृहमंत्री दोनों ने आश्वासन दिया था कि उसे राज्य का दर्जा फिर से वापस किया जाएगा। गुपकर गठबंधन ने उस विशेष दर्जे की मांग जोरों से की है।

उसने 2020 के जिला विकास परिषद के चुनावों में स्पष्ट विजय भी हासिल की थी। उसे यह शिकायत भी है कि विधानसभा में जम्मू की 6 सीटें बढ़ाकर कश्मीर को हल्का किया जा रहा है। कश्मीरी नेताओं का वर्तमान प्रतिबंधों से दम घुट रहा है, इसमें शक नहीं है लेकिन कश्मीर में पहले के मुकाबले इस समय शांति और व्यवस्था बेहतर है, यह भी सत्य है। आतंकी घटनाएं भी कभी–कभी होती रहती हैं लेकिन बड़े पैमाने पर इधर कोई आतंकी घटना की खबर नहीं है। इसका श्रेय मुस्तैद उप–राज्यपाल मनोज सिन्हा और उनके योग्य अफसरों को है लेकिन जम्मू–कश्मीर में सामान्य स्थिति तभी बनेगी, जब लोकतांत्रिक प्रक्रिया वहां बाकघयदा शुरु हो जाएगी। अब जम्मू–कश्मीर बाहरी लोगों के लिए भी खुल गया है। वे वहां अन्य प्रांतों की तरह जाकर रह सकते हैं। गर्मियों में पर्यटकों की संख्या बढ़ जाने से लाखों लोगों की आर्थिक राहत भी बढ़ी है। इसके अलावा पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह सीमा–पार आतंकवाद पर सख्ती से काबू करेगी और कश्मीर के सवाल पर भारत सरकार के साथ सार्थक संवाद भी करेगी। प्रधानमंत्री ने जम्मू–कश्मीरियों को जो यह संदेश दिया है कि आपके माता–पिता और उनके माता–पिता ने जैसी तकलीफें सही हैं, वैसी आपको अब नहीं सहनी पड़ेंगी, अपने आप में दिल को छूनेवाला है। उम्मीद है कि ऐसा माहौल कश्मीर में शीघ्र ही बन सकेगा। कश्मीर में लोक–कल्याण तो बढ़ गया है लेकिन लोकतंत्र की वापसी भी उतनी ही जरुरी है।

# न्याय का भारतीयकरण

वेद प्रताप वैदिक

भारत के मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन की अध्यक्षता में देश के सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे कई फैसले किए हैं, जिनसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सम्मान में वृद्धि हुई है। उन्होंने तमिलनाडु के उच्च न्यायालय भवन की नींव रखते समय जो भाषण दिया, उसमें उन्होंने अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। वह हैकृ भारत की न्याय–व्यवस्था के भारतीयकरण का। यह मुद्दा उठाने के पहले उन्होंने कहा कि हमारी अदालतों का आचरण ऐसा होना चाहिए, जिससे आम जनता के बीच उनकी प्रामाणिकता बढ़े। उनके फैसलों में कानूनों को अंधाधुंध तरीके से थोपा नहीं जाना चाहिए। न्याय सिर्फ किताबी नहीं होता। उसका मानवीय स्वरूप ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। इसी तरह न्याय द्रौपदी के चीर की तरह लंबा भी नहीं होना चाहिए। अब भी देश की अदालतों में लगभग 5 करोड़ मुकदमे लटके हुए हैं। कई मुकदमे 30–30, 40–40 साल तक चलते रहते हैं। उन्हें लडनेवाले लोग और वकील भी कई मामलों में दिवंगत हो चुकते हैं। यह इंसाफ नहीं, इंसाफ का मजाक है। न्यायमूर्ति रमन ने बताया कि देश में 1104 जजों के पद हैं लेकिन उनमें से 388 अभी भी खाली पड़े हैं। उन्होंने विधानपालिका और कार्यपालिका द्वारा किए गए अतिक्रमणों का भी जिक्र किया। न्यायाधीशों को इन मामलों में नागरिकों का हित सर्वोपरि रखना चाहिए और सरकार, संसद व विधानसभाओं से कोई मुरव्वत नहीं करनी चाहिए। उन्होंने हमारी न्याय–व्यवस्था के भारतीयकरण का बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा भी अपने भाषण में उठा दिया। भारतीयकरण का अर्थ क्या है? यही है कि हमारा कानून आजादी के 75 साल बाद भी मूलतरू औपनिवेशिक ढर्रे पर चल रहा है। अंग्रेज के बनाए हुए कुछ कानून हमारी सरकारों ने रद्द जरुर किए हैं लेकिन अभी भी वही पुराना ढर्रा चला आ रहा है। देश के सभी लोगों के लिए एक–जैसा कानून कब बनेगा? पहली बात तो यह है कि हमारे उच्च न्यायालयों में बहस और फैसले प्रादेशिक भाषाओं में क्यों नहीं होते? उसके लिए हमारे कानून पहले प्रादेशिक भाषाओं में ही बनने चाहिए। न्यायमूर्ति रमन ने कहा है कि आज के यांत्रिक मेधा के युग में अनुवाद की प्रक्रिया इतनी सरल हो गई है कि यह सुविधा आसानी से प्रदान की जा सकती है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस संबंध में पिछले दिनों अच्छी पहल की थी। यदि हमारे कानून संसद में मूल रूप से हिंदी में बनने लगें तो सभी भारतीय भाषाओं में उनका अनुवाद काफी सरल हो जाएगा। यदि न्याय–व्यवस्था का हमें भारतीयकरण करना है तो सबसे पहले उसे अंग्रेजी के शिकंजे से मुक्त करना होगा। इस समय भारत की न्याय–व्यवस्था जादू–टोना बनी हुई है। इसीलिए वह ठगी, विलंब और अन्याय का शिकार भी होती है। क्या देश में कभी कोई ऐसी सरकार भी आएगी, जो सचमुच न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण कर सकेगी।

# फ्रांस में दक्षिणपंथी ताकतों की हार

**इस घटना की निंदा करते हुए इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि इस्लाम पूरी दुनिया में श्संकट का धर्मश बन गया है। उन्होंने मुस्लिम चरमपंथी संगठनों के ि+खला+फ कार्रवाई की घोषणा की थी, इसके अलावा ये भी कहा था कि उनकी सरकार धर्म और राष्ट्र को अलग करने वाले सन् 1905 के +कानून को अधिक मजबूत करेगी। मैक्रों ने देश के धर्म–निरपेक्ष मूल्यों की रक्षा का वादा किया था। उनके रुख पर...**

दुनिया में दक्षिणपंथी ताकतों के बढ़ते प्रभाव के बीच फ्रांस में हुए चुनावों में एक बार फिर इमैनुएल मैक्रों के पक्ष में जनादेश आया है। मध्यमार्गी मैक्रों का मुकाबला धुर दक्षिणपंथी मरीन ली पेन से था। जिन्होंने इस बार मैक्रों को कड़ी टक्कर दी। मैक्रों ने 58.55 प्रतिशत वोट हासिल किए जबकि ली पेन को 41.45 प्रतिशत वोट मिले। इस तरह जीत–हार के बीच काफी अंतर था, लेकिन फ्रांस की राजनीति में ये पहली बार है कि किसी विपक्षी उम्मीदवार ने इतने ज्यादा वोट हासिल किए हैं। इसलिए चुनाव में हार के बाद भी ली पेन का कहना था कि उनका वोट शेयर उनकी जीत का प्रतीक है। ली पेन ने अपने समर्थकों को बताया कि उनकी प्रसिद्धि शीर्ष स्तर पर है। जिस तरह पूरी दुनिया में कट्टरता बढ़ रही है, उसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि फ्रांस में भी दक्षिणपंथी विचारधारा रखने वाले नेताओं के पक्ष में जनता वोट दे रही है। नेशनल फ्रंट पार्टी की नेता मरीन ली पेन अपने कट्टर और राष्ट्रवादी विचारों के कारण जानी जाती हैं। ली पेन फ्रांस को यूरोप से बाहर निकालना चाहती हैं और अप्रवासियों और मुसलमानों को लेकर उनके विचार बहुत सख्त हैं। उनका नारा है श्सबसे पहले फ्रांसश, और इसके तहत वो फ्रांस को इस्लामी कट्टरवाद, वैश्वीकरण और यूरोपीय संघ से छुटकारा दिलाना चाहती हैं। ली पेन अप्रवासी +कानूनों को सख्त करने की भी समर्थक हैं। जिस तरह अमेरिका फर्स्ट का नारा देने वाले डोनाल्ड ट्रंप को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिल पाई और चुनावों में जो बाइडेन की उदार सोच को जनादेश मिला, कमोबेश वही कहानी इस बार फ्रांस में दोहराई गई है। हालांकि इस बार फ्रांस में चुनाव के प्रति लोगों की अनिच्छा नजर आई। इस चुनाव के दौरान मत प्रतिशत सन् 1969 के बाद से सबसे कम यानी 72 प्रतिशत के लगभग रहा है। इसका मतलब ये है कि लगभग हर तीन में एक मतदाता ने वोट देने से परहे□ा किया और इस तरह वोट न करने वाले शहरियों की कुल तादाद 30 लाख बनती है। लेकिन 72 प्रतिशत मतदान में भी बहुमत मैक्रों के पक्ष में रहा। इमैनुएल मैक्रों का दोबारा सत्ता में आने का बड़ा ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि ये बीते 20 सालों में पहली बार है कि फ्रांस में किसी राष्ट्रपति को दोबारा चुना गया हो। अपनी जीत पर मैक्रों ने जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि –श्मुझे मालूम है कि आज जिन लोगों ने मुझे वोट दिया, उनमें से अक्सर मेरे विचारों से सहमत नहीं थे लेकिन वो धुर–दक्षिणपंथी पार्टियों को भी सत्ता में नहीं देखना चाहते थे। मैं उनका शुक्रिया अदा करूंगा।श उन्होंने कहा कि श्इस गुस्से और मतभेद का जवाब ढूंढना होगा जिसके कारण देश के लोगों ने एक बड़ी संख्या में धुर–दक्षिणपंथी पार्टी को वोट दिया। ये मेरी भी जिम्मेदारी होगी और उनकी भी जो मेरे साथ हैं।श इस बयान का यही मतलब है कि मैक्रों देश की बदलती मानसिकता और राजनीति दोनों को समझ रहे हैं, स्वीकार भी कर रहे हैं। उन्हें पता है कि देश में दक्षिणपंथी सोच रखने वाले मतदाता बीते सालों में बढ़े हैं और इसे एक चुनौती की तरह लेते हुए वे समझना चाहते हैं कि आखिर उनके मतदाता किसलिए उनसे दूर हुए हैं। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का पाठ दुनिया को पढ़ाने वाले फ्रांस से दुनिया के नेता अब भी बहुत कुछ सीख सकते हैं। अपनी विचारधारा पर टिके रहकर किस तरह मतदाताओं के बीच पैठ बढ़ाई जाए, उनकी नाराजगी को दूर किया जाए यह सीख तो ली ही जा सकती है। वैसे सत्ता के महज पांच सालों में इमैनुएल मैक्रों ने अपनी राजनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। खासकर फ्रांस की जनता ने कोविड–19 महामारी और यूक्रेन संघर्ष जैसे प्रमुख वैश्विक संकटों का सामना करने के लिए उन्हें पद के योग्य माना, यह उनकी स्वीकार्यता का एक उदाहरण है। लेकिन मैक्रों के लिए अपने दूसरे कार्यकाल में कट्टरपंथी ताकतों की ओर से पेश चुनौतियों से निपटना कठिन होगा। उनके पहले कार्यकाल में भी फ्रांस में मुस्लिम कट्टरपंथी ताकतों के साथ सरकार का टकराव हुआ। अक्टूबर 2020 में एक क्लास में पैगम्बर मोहम्मद के कार्टून दिखाने के कारण शिक्षक सैमुअल पैटी की हत्या कर दी गई थी। इस घटना की निंदा करते हुए इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि इस्लाम पूरी दुनिया में श्संकट का धर्मश बन गया है। उन्होंने मुस्लिम चरमपंथी संगठनों के ि+खला+फ कार्रवाई की घोषणा की थी, इसके अलावा ये भी कहा था कि उनकी सरकार धर्म और राष्ट्र को अलग करने वाले सन् 1905 के +कानून को अधिक मजबूत करेगी। मैक्रों ने देश के धर्म–निरपेक्ष मूल्यों की रक्षा का वादा किया था। उनके रुख पर उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अब जबकि दक्षिणपंथी पार्टी का वोट शेयर चुनावों में बढ़ गया है, ऐसे में दो तरह की कट्टरताओं के बीच धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को जिंदा रखना मुश्किल हो सकता है। वैसे फिलहाल राहत की बात ये है कि दक्षिणपंथ को जनता ने हार का स्वाद चखाया है। लोकतंत्र, मानवाधिकार, स्वतंत्रता, न्याय, समानता और बंधुत्व इन तमाम मूल्यों को जनता ही बचा सकती है।



# प्रशांत किशोर को लेकर मच रहा शोर और उसकी हकीकत

**कांग्रेस को जब तक अपने मूल्यों और आदर्शों के खरेपन पर संशय बना रहेगा तब तक वह साम्प्रदायिक और विभाजनकारी शक्तियों के विरुद्ध जमीनी संघर्ष के लिए खुद को तैयार नहीं कर सकती। कांग्रेस यदि भाजपा सरकार को अपदस्थ करना चाहती है तो शायद प्रशांत किशोर की अगुवाई उसके कुछ काम आए किंतु यदि फासिस्ट विचारधारा को पराजित करना है तो इस संघर्ष का नेतृत्व ...**

डॉ राजू पाण्डेय

प्रशांत किशोर का रणनीतिक जादू मार्केटिंग और इवेंट मैनेजमेंट के उन घातक प्रयोगों में छिपा है जो ग्राहक को किसी अनावश्यक, कमतर और औसत प्रोडक्ट को बेहतर मानकर चुनने के लिए मानसिक रूप से तैयार करते हैं। हमने नरेन्द्र मोदी को गुजरात के विवादित मुख्यमंत्री से सर्वशक्तिमान, सर्वगुणसम्पन्न, महाबली मोदी में कायांतरित होते देखा है। भावुक और नायक पूजा के अभ्यस्त भारतीय मतदाता के लिए नरेन्द्र मोदी जैसे सुपर हीरो को गढ़ना शायद भारतीय लोकतंत्र की प्रयोगशाला का सबसे घातक प्रयोग था जिसने एक ऐसे लार्जर दैन लाइफ करैक्टर को जन्म दिया जिसकी चकाचौंध की ओट में हमें तेजी से एक धर्मांध और कट्टर समाज में बदला जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से प्रशांत किशोर सुर्खियों में हैं। यह चर्चा जोरों पर है कि लगभग 135 वर्षों की अपनी यात्रा में संघर्ष और सत्ता तथा उत्थान एवं पतन का हर रंग देख चुकी कांग्रेस पार्टी को नवजीवन देने वाली अगर कोई संजीवनी बूटी है तो वह प्रशांत किशोर के पास ही है। जीवन भर राजनीति की जटिलताओं में उलझने और उन्हें सुलझाने वाले कांग्रेस के कद्दावर और अनुभवी नेता प्रशांत किशोर का प्रेजेंटेशन देखकर शायद चमत्कृत हो रहे हैं और अपनी कमतरी के अहसास से शर्मसार भी। प्रशांत किशोर भारत के लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ कार्य कर चुके हैं। भाजपा (गुजरात विधानसभा चुनाव 2012 तथा लोकसभा चुनाव 2014), जेडीयू (2015 बिहार विधानसभा चुनाव), कांग्रेस (2017 पंजाब विधानसभा चुनाव), वायएसआरसीपी (2019 आंध्रप्रदेश विधानसभा चुनाव), आप (2020 दिल्ली विधानसभा चुनाव), टीएमसी(2021 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव) तथा डीएमके (2021 तमिलनाडु विधानसभा चुनाव) की चुनावी सफलताओं में प्रशांत किशोर की अहम भूमिका मानी जाती है। एकमात्र असफलता जो उनके खाते में दर्ज है वह सन 2017 की है जब वे उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को विजय दिलाने में नाकाम रहे थे। प्रशांत किशोर एक पेशेवर चुनावी रणनीतिकार हैं और वह अपने ग्राहक राजनीतिक दलों को जीत दिलाने के लिए भरपूर प्रयास करते हैं। एक सच्चे पेशेवर की भांति उन्होंने परस्पर विरोधी विचारधाराओं और परस्पर राजनीतिक विरोध रखने वाले नेताओं के साथ समान समर्पण से कार्य किया है। प्रशांत किशोर ने मई 2021 में एक निजी टीवी चौनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि वे अपने क्षेत्र में बहुत कुछ कर चुके हैं और अब वे चुनावी रणनीतिकार की भूमिका नहीं निभाना चाहते, उन्हें अवकाश चाहिए ताकि वे जीवन में किसी अन्य भूमिका के चयन के बारे में विचार कर सकें। शायद वे कोई नई भूमिका तलाश नहीं कर पाए और अब कांग्रेस के साथ जुड़ने की तैयारी में हैं। यह भी संभव है कि जिस नई भूमिका का वे जिक्र कर रहे थे वह राजनेता के रूप में नई शुरुआत से संबंधित हो। हमें यह स्मरण रखना होगा कि जेडीयू के सदस्य के रूप में सक्रिय राजनीति का उनका पिछला अनुभव अच्छा नहीं रहा था। प्रशांत किशोर का रणनीतिक जादू मार्केटिंग और इवेंट मैनेजमेंट के उन घातक प्रयोगों में छिपा है जो ग्राहक को किसी अनावश्यक, कमतर और औसत प्रोडक्ट को बेहतर मानकर चुनने के लिए मानसिक रूप से तैयार करते हैं। हमने नरेन्द्र मोदी को गुजरात के विवादित मुख्यमंत्री से सर्वशक्तिमान, सर्वगुणसम्पन्न, महाबली मोदी में कायांतरित होते देखा है। भावुक और नायक पूजा के अभ्यस्त भारतीय मतदाता के लिए नरेन्द्र मोदी जैसे सुपर हीरो को गढ़ना शायद भारतीय लोकतंत्र की प्रयोगशाला का सबसे घातक प्रयोग था जिसने एक ऐसे लार्जर दैन लाइफ करैक्टर को जन्म दिया जिसकी चकाचौंध की ओट में हमें तेजी से एक धर्मांध और कट्टर समाज में बदला जा रहा है। यदि प्रशांत किशोर इस प्रयोग के कर्णधार नहीं थे तो भी बतौर सुयोग्य सहयोगी उन्होंने श्री मोदी के छवि निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान अवश्य दिया है। श्री नरेन्द्र मोदी को 2014 के लोकसभा चुनावों में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे जमीनी मुद्दों का जादुई समाधान देने वाले नेता के रूप में प्रस्तुत किया गया था। यदि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और स्वयं सरकारी एजेंसियों के आंतरिक आकलन को आधार बनाएं तो भारत का प्रदर्शन स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, आर्थिक प्रगति, प्रेस की स्वतंत्रता, मानव और अल्पसंख्यक अधिकारों के संरक्षण, लैंगिक समानता की स्थापना, कुपोषण मिटाने तथा भ्रष्टाचार नियंत्रण आदि सुशासन को सुनिश्चित करने वाले विभिन्न मानकों पर 2014 के बाद से निरंतर गिरा है। महंगाई और बेरोजगारी की भयावह स्थिति को समझने के लिए आंकड़ों में भटकने के बजाए दैनंदिन के अनुभव ही पर्याप्त हैं। ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री ने भूलें नहीं की और विपक्ष को वापसी के अवसर नहीं दिए। पहले कार्यकाल में नोटबन्दी के बाद तबाही और अफरातफरी का मंजर देखा गया। दूसरे कार्यकाल में कोविड–19 के दौरान लाखों मजदूरों के पलायन के हृदय विदारक दृश्य देखने को मिले। एक वर्ष तक किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन चला और किसानों ने आंदोलन के दौरान तथा उसके स्थगन के बाद भी राजनीतिक हस्तक्षेप की रणनीति अपनाई तथा भाजपा को चुनावों में हराने की अपील की। इसके बावजूद भाजपा ,लगभग हर निर्णायक अवसर पर सत्ता हासिल करने में कामयाब रही है और इसका एक बड़ा कारण नरेन्द्र मोदी की वह मायावी छवि है जिसे प्रशांत किशोर जैसे कुशल रणनीतिकारों ने गढ़ा तो अवश्य किंतु इस छवि की माया को भेदना अब शायद इसके निर्माताओं के लिए भी कठिन होगा। एक ऐसे वक्त जबकि देश संवैधानिक मूल्यों, बहुलवाद और अपने सेकुलर चरित्र की रक्षा के लिए जूझ रहा है तब कांग्रेस पार्टी को अपनी विरासत का स्मरण करते हुए देश की मूल तासीर को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सैद्धांतिक दृढ़ता के साथ नैतिक संघर्ष करते दिखना चाहिए किंतु सत्ता हासिल करने के लिए बाजारवादी लटकों झटकों पर आधारित रणनीतियों को हासिल करना उसकी प्राथमिकता दिखती है।



## बीएसए कार्यालय के 11 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

देवरिया। सीडीओ रवींद्र कुमार ने बीएसए कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 11 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिनका वेतन बाधित करने का निर्देश दिया है। मुख्य विकास अधिकारी सुबह साढ़े दस बजे अचानक बीएसए कार्यालय पहुंचे, यहां कंप्यूटर आपरेटर कृष्ण दास गुप्त, उमाशंकर यादव, अखिलेश कुमार आर्य गायब मिले। इसी तरह प्रीतम सिंह, प्रदीप कुमार यादव, सिद्धांत सिंह, सत्य नारायण, डा.उमेंद्र मणि त्रिपाठी, लेखाकार राजेंद्र प्रसाद सोनकर, अवधेश कुमार शुक्ल, सहायक लेखाकार स्वास्तिका जायसवाल अनुपस्थित पाई गईं। इन सभी का वेतन बाधित करने का मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया। कार्यालय में पत्रावलियों के रखरखाव भी ठीक नहीं पाए गए, जबकि शौचालय व परिसर में गंदगी मिलने पर चेतावनी दी। साथ ही साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कार्यालयों की समय–समय पर जांच की जा रही है। 11 कर्मचारी गायब मिले हैं। जिनका वेतन बाधित करने का निर्देश दिया गया है।

## कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

देवरिया। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को लेकर शासन से निर्देश के बाद जिले में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। कोविड जांच बढ़ाने के साथ ही थर्मल स्कैनिंग भी शुरू कर दी गई है। कोरोना के संभावितों की निश्चित तौर पर जांच हो इसके लिए सीएमओ ने निर्देश दिए हैं। नोएडा, गाजियाबाद क्षेत्र में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने के बाद पूरे प्रदेश में कोरोना को लेकर अलर्ट किया गया है। जिले में भी कोरोना के चार सक्रिय मरीज हैं। सभी का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। इसे काबू में रखने के लिए एक बार फिर से कोविड जांच से लेकर बचाव के सारे तंत्र को सक्रिय किया जा रहा है। पहले थर्मल स्कैनिंग, फिर मिलेगा प्रवेशः जिला अस्पताल में अगर किसी रोगी को इलाज कराना है तो उसे थर्मल स्कैनिंग से गुजरना पड़ेगा। थर्मल स्क्रीनिग के बाद अगर उसे बुखार नहीं है तभी अस्पताल में प्रवेश मिलेगा। बुखार आने पर उसकी कोविड जांच अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। काफी दिनों से बंद थर्मल स्कैनिंग शुरू कर दी गई। अस्पताल में लक्षण दिखने पर डाक्टर मरीजों का एंटीजन टेस्ट करा रहे हैं। सीएचसी, पीएचसी पर सक्रिय किया गया कोविड हेल्प डेस्कः जिले की सभी सीएचसी व पीएचसी पर बंद पड़े कोविड हेल्प डेस्क को एक बार फिर से सक्रिय कर दिया गया है। यहां कोविड टेस्ट को बढ़ाने और लोगों को कोविड के प्रति जागरूक करने के लिए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सीएमओ ने निर्देश दिया है। निगरानी समितियों को भी सक्रिय कर तैयार किया जा रहा है। दो से तीन दिन में एमसीएच विग के कोविड अस्पताल में माकड्रिल भी किया जाएगा। गाजियाबाद, नोएडा क्षेत्र में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण शासन से अलर्ट रहने और कोविड के प्रति सावधानी बरतने को कहा गया है। उसी क्रम में कोविड के पूरे तंत्र को एक बार फिर से सक्रिय किया गया है। सीएचसी, पीएचसी पर कोविड जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में चार कोरोना के सक्रिय केस हैं। इसलिए सावधानी अति आवश्यक है।

## सीएमओ की कुर्सी खाली, कर्मचारी भी नदारद

महराजगंज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश है कि सभी सरकारी कार्यालय समय से खुलें और अधिकारी, कर्मचारी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में यह आदेश बेअसर साबित हो रहा है। सुबह सीएमओ सहित कई अधिकारियों की कुर्सी जहां खाली रही। कई कर्मचारी भी समय से नहीं पहुंचे रहे। सुबह 10.15 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी की कुर्सी खाली रही। सीएमओ कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सफाई करते नजर आया। यहां उपस्थिति पंजिका में 31 में से सात कर्मचारियों की हाजिरी नहीं बनी थी। कुछ कर्मचारियों की हाजिरी लगी थी, लेकिन वह नदारद रहे। कार्यालय में सिर्फ स्टेनो विपुल कुमार, डा. सरनदीप कौर, नवीन श्रीवास्तव, अमन सिंह मौजूद रहे। इसी प्रकार राष्ट्रीय मिशन स्वास्थ्य मिशन के कार्यालय में ताता लटक रहा था। जिला मलेरिया कार्यालय में आठ कर्मचारियों में से सिर्फ तीन कर्मचारी ही मौजूद रहे। मलेरिया इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह, प्रीती आनंद, सीनियर फील्ड वर्कर सिराजुल हक, चालक आशीष, लिपिक अतुल कुमार मिश्र की उपस्थिति पंजिका में हाजिरी नहीं दर्ज रही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कक्ष के पास बैठा लेहड़ा निवासी दिव्यांग महेंद्र ने बताया कि यूडीआइडी कार्ड में संशोधन कराना है। कर्मचारी नहीं होने के कारण इंतजार कर रहा हूं। चौपरिया के कृष्ण कुमार ने बताया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की जानकारी के लिए आया हूं, लेकिन कर्मचारी के नहीं होने के कारण वापस लौटना पड़ रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके श्रीवास्तव ने बताया कि वह चौक स्थित सामुदायिक अस्पताल के शुभारंभ कार्यक्रम में गए थे। कर्मचारियों की उपस्थित के संदर्भ में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पहल कार्यक्रम में आए 2664 आवेदनों में से 827 का निस्तारण

महराजगंज। सरकार की योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से महराजगंज पहल कार्यक्रम के तहत जिले के 12 गांवों में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं से संबंधित 2664 आवेदनों में से 827 का निस्तारण किया गया। फुलमनहां, महदेवा, जगदीशपुर, कजरी, नटवा, कंपार्ट नंबर 28 नर्सरी, जमुहानी, पैकौली कला, हरिरामपुर, सोनकटिया, भगवानपुर, चौनपुर में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। मुख्य विकास अधिकारी ने पहल कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत– नक्शा–बक्शा कम्पार्ट नंबर 28 का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के सभी लाभार्थियों का केवाईसी कराएं। अंत्योदय कार्डधारकों का शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाएं। हर घर तक पेयजल की आपूर्ति होनी चाहिए। आयुष्मान कार्ड के आए मामले में 59 में से 33 का निस्तारण किया गया। इस प्रकार राजस्व वाद के 34 में से 30, पेंशन के 180 में से 100, राशनकार्ड के 78 में से 28, मनरेगा जाब कार्ड के 48 में से 27, शौचालय के 434 में से 39, आवास के 1328 में से 205, पीएम किसान सम्मान निधि में 246 में से 136, परिवार रजिस्टर 251 में से 229 मामले निस्तारित किए गए।

## पांच लाख के आभूषण के साथ टप्पेबाज गिरफ्तार

कुशीनगर। नगर कोतवाली पुलिस ने अंतरजनपदीय टप्पेबाज को गिरफ्तार कर उसके पास से पांच लाख रुपये मूल्य का आभूषण बरामद किया है। गिरफ्तार टप्पेबाज के पास से एक तमंचा व कारतूस भी मिला है। उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे न्यायालय भेजा जा रहा है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि कोतवाली पुलिस की टीम सुबह गश्त पर थी। पडरौना नगर के साहबगंज रेलवे क्रासिग के समीप पुलिस का वाहन देख सड़क पर खड़ा एक युवक भागने लगा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास झोले में बड़ी मात्रा में सोने व चांदी के आभूषण मिले। उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस भी बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान दिनेश प्रजापति निवासी गुरली रामगढ़वा थाना कोठीभार जिला महराजगंज के रूप में हुई। एसपी ने बताया कि बरामद आभूषण की कीमत लगभग पांच लाख रुपये है। गिरफ्तार युवक शातिर टप्पेबाज है। एक माह पूर्व पडरौना नगर में उसने टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दिया था। बताया कि उसके विरुद्ध कोतवाली पडरौना के अलावा महराजगंज कोतवाली में भी मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस टीम में कोतवाल निर्भय कुमार सिंह, दारोगा चंद्रभूषण पांडेय आदि शामिल रहे।

# कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

देवरिया। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को लेकर शासन से निर्देश के बाद जिले में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। कोविड जांच बढ़ाने के साथ ही थर्मल स्कैनिंग भी शुरू कर दी गई है। कोरोना के संभावितों की निश्चित तौर पर जांच हो इसके लिए सीएमओ ने निर्देश दिए हैं।

नोएडा, गाजियाबाद क्षेत्र में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने के बाद पूरे प्रदेश में कोरोना को लेकर अलर्ट किया गया है। जिले में भी कोरोना के चार सक्रिय मरीज हैं। सभी का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। इसे काबू में रखने के लिए एक बार फिर से कोविड जांच से लेकर बचाव के सारे तंत्र को सक्रिय किया जा रहा है।

पहले थर्मल स्कैनिंग, फिर मिलेगा प्रवेशः जिला अस्पताल में अगर किसी रोगी को इलाज कराना है तो उसे थर्मल स्कैनिंग से गुजरना पड़ेगा। थर्मल स्क्रीनिग के बाद अगर उसे बुखार नहीं है तभी अस्पताल में प्रवेश मिलेगा। बुखार आने पर उसकी कोविड जांच अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। काफी दिनों से बंद थर्मल स्कैनिंग शुरू कर दी गई। अस्पताल में लक्षण दिखने पर डाक्टर मरीजों का एंटीजन टेस्ट करा रहे हैं।

सीएचसी, पीएचसी पर सक्रिय किया गया कोविड हेल्प डेस्क

जिले की सभी सीएचसी व पीएचसी पर बंद पड़े कोविड हेल्प डेस्क को एक बार फिर से सक्रिय कर दिया गया है। यहां कोविड टेस्ट को बढ़ाने और लोगों को कोविड के प्रति जागरूक करने के लिए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सीएमओ ने निर्देश दिया है। निगरानी समितियों को भी सक्रिय कर तैयार किया जा रहा है। दो से तीन दिन में एमसीएच विग के कोविड अस्पताल में माकड्रिल भी किया जाएगा। गाजियाबाद, नोएडा क्षेत्र में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण शासन से अलर्ट रहने और कोविड के प्रति सावधानी बरतने को कहा गया है। उसी क्रम में कोविड के पूरे तंत्र को एक बार फिर से सक्रिय किया गया है। सीएचसी, पीएचसी पर कोविड जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में चार कोरोना के सक्रिय केस हैं। इसलिए सावधानी अति आवश्यक है।

# भाजपा सरकार में वैश्विक परिदृश्य में देश का गौरव बढ़ाःश्रीराम

देवरिया। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री तथा विधायक श्रीराम चौहान ने कहा है कि भाजपा सरकार में वैश्विक परिदृश्य में देश का गौरव बढ़ा है तथा भारत की स्थिति अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक मजबूत हुई है।

श्री चौहान यहां भाजपा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आज समापन के अवसर पर बोलते हुए कहा कि पिछले कुछ दशकों में भारत की स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक सुदृढ़ हुई है। रूस और यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में अत्यधिक दबाव के पश्चात भी भारत ने स्वयं के राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने पक्ष को विश्व पटल पर मजबूती से रखा है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के समय भारत की हाथ जोड़ कर नमन करने कि परंपरा को पूरे विश्व ने सराहा है, क्योंकि यह नमन करने की एक संक्रमण मुक्त शैली है।

उन्होंने कहा कि भारत ने कोरोना महामारी की तीसरी लहर से पार पाते हुए संवत् 2079 में कदम रखा है। कई क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां बहुत तेजी से जोर पकड़ रही हैं।नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। मोदी सरकार में पूर्व की सरकारों की तरह कोई नीतिगत अपंगता नहीं है। भारत आज अपने फैसले लेने में सक्षम है।उन्होंने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन हो या फिर कोई दूसरा देश कोई भी भारत के रूस से संबंधों पर अंगुली नहीं उठा सकता। भारत आज इन देशों से आंख से आंख मिलाकर बात करता है, आंख झुका कर नहीं।

उन्होंने कहा कि ब्रिटेन ने भी रूस से भारत के ईंधन और ऊर्जा खरीदने को लेकर कोई दबाव नहीं बनाया। रूस–यूक्रेन युद्ध मसले से अलग हटकर भारत और ब्रिटेन ने रिश्तों को नया आयाम देने के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। दोनों देश रक्षा सुरक्षा क्षेत्र में मजबूत गठजोड़ बनाने पर सहमत हुए हैं।

## मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएंः डीएम

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य निर्माण निगम को 30 जून से पूर्व समस्त निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समय सीमा का उल्लंघन होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज के एनोटामी लैब, हेमेटेलाजी लैब, लाइब्रेरी, क्लास रूम सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। महर्षि देवरहा बाबा की प्रतिमा स्थापना तथा गुंबद निर्माण के विषय में जानकारी प्राप्त की। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम के सहायक अभियंता ने बताया कि मेडिकल कालेज में 92 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने शेष बचे कार्यों को हर हाल में 30 जून तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. राजेश कुमार बरनवाल ने जिलाधिकारी को बताया कि मेडिकल कालेज में शैक्षणिक सत्र 2021–22 में 100 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिन्हें 32 फैकल्टी मेंबर्स द्वारा शिक्षा दी जा रही है। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के लिए खेल का मैदान और रैनबसेरा नहीं होने की बात कही। जिस पर जिलाधिकारी ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज के नियंत्रणाधीन जिला अस्पताल के संबंध में भी जानकारी ली और वहां आने वाले सभी मरीजों को शासन की नीति के अनुसार गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान जिला अस्पताल के सीएमएस डा. आनन्द मोहन वर्मा, डा. एच के मिश्रा, डा. आरके श्रीवास्तव, डा. मृत्युंजय, डा. पवन, डा. शालिनी, डा. मृत्युंजय पांडेय आदि मौजूद थे

# देवरिया में आग से गैस सिलेंडर फटा, तीन घरों में लाखों का सामान जला

देवरिया। मदनपुर क्षेत्र के मदनपुर कस्बा के शेख टोला स्थित गैस गोदाम के समीप मकान में लगी आग से तीन घरों का लाखों का सामान जल गया। इस दौरान गैस सिलेंडर फटने से कस्बे में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। आग बुझाते समय दो किशोरियां झुलस गईं, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। कस्बा के रहने वाले गोबरी प्रसाद पुत्र सम्पत की पुत्री की शादी एक मई को होनी है। मंगनी की रस्म थी, जिसमें आए मेहमानों के लिए दोपहर में खाना बन रहा था। अचानक घर की टाट में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते, आग विकराल रूप ले लिया। आग से रसोई गैस का सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाके के बाद आग और तेज हो गई व आसपास के तूफानी व अलगू के मकान को भी अपने आगोश में ले लिया। रुदपुर से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से गोबरी के घर में पुत्री की शादी के लिए रखा करीब डेढ़ लाख रुपये नकदी समेत अन्य समान जलकर राख हो गया। आग बुझाने में सुनैना पुत्री बिहारी व बबिता पुत्री अलगू झुलस गईं, जिन्हें इलाज के लिए एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल भेजा गया। संयोग ठीक था कि आग गैस गोदाम की तरफ नहीं बढ़ पाई, अन्यथा बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। धमाके से मची भगदड़ः मदनपुर कस्बे के शेख टोल में गैस गोदाम के समीप रसोई गैस सिलेंडर फटने से हुए धमाके के बाद वहां भगदड़ मच गई। चीखपुकार के बीच सभी आग बुझाना छोड़ कर भागने लगे। गनीमत रही कि फायर बिग्रेड की गाड़ी समय से पहुंच गई। जिससे घनी आबादी के बीच बड़ा हादसा टल गया। कैसे करेंगे पुत्री का विवाहः आग से बुरी तरह प्रभावित गोबरी को उनके परिवार को पुत्री की शादी की चिता सता रही है। एक मई को बरात आने वाली है। पांच दिन पहले ही आग ने घर में रखा नकदी, गहने सहित सभी समान जल कर राख हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। साथ ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। आग से सामान का नुकसान हुआ है, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# थाने में धूल से दब गयी शेरनी दस्ता की सवारियाँ

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। मुख्यमंत्री के जिले में शेरनी दस्ता को चलने के लिए दी गयी स्कूटी एक वर्ष बाद ही थाने के एक कोने में धूल मिट्टी से दबकर खराब होने के कगार पर है। महिलाओं के मन में कानून के प्रति भरोसा दिलाने के लिए महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत 2020 में तत्कालीन एसएसपी जोगिंदर सिंह की पहल पर महिला पुलिस आरक्षियों का गोरखपुर में एक शेरनी दस्ता तैयार किया गया है। शेरनी दस्ता को भीड़–भाड़ वाली जगहों, बाजारों, चौराहों आदि पर त्वरित गति से पंहुचने के लिए हर थानों में डायल 112 के अंतर्गत दो स्कूटी गाड़ियों की भी व्यवस्था कराई गयी हैं। मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद गगहा थाने पर दो और दो–दो गाडियाँ गोला सर्किल के बड़हलगंज व गोला थाने पर भी मिलीं। कुछ महीनों तक महिला आरक्षियों के द्वारा इन स्कूटियों से गश्त भी किया गया। इधर कुछ महीनों से एक भी स्कूटी से




शेरनी दस्ता की आरक्षी इन थाना क्षेत्रों में गश्त करती नजर नहीं आती हैं। करीब एक वर्ष बाद ही यह सभी गाडियां थाने के एक कोने में धूल और गंदगी से ढक गयी हैं। महिलाओं को सुरक्षा देने के उद्देश्य से आई इन स्कूटियों से धूल भी झाड़ने वाला कोई नहीं है। जानकारी करने पर पता चला कि गाड़ियों में तेल की समस्या, और वायरलेस सेट का थाने से 2 किलोमीटर बाद जाने पर पकड़ टूट जाना। और ज्यादातर थानो पर महिला आरक्षियों की कमी और उनका स्कूटी चलाना न जानना भी मुख्यमंत्री के इस महत्वाकांक्षी योजना की गति को धीमा करने में सहयोगी है। गोला क्षेत्राधिकारी जगत राम कन्नौजिया ने पूछने पर बताया कि गोला थाने पर मौजूद दो स्कूटी में से एक खराब हो गयी है, तथा एक ठीक है। कुछ महिला कांस्टेबल इस समय छुट्टी पर हैं इसलिए भी स्कूटी चल नहीं पा रही हैं।

# सीएमओ की कुर्सी खाली, कर्मचारी भी नदारद

आनंदनगर। फरेंदा क्षेत्र के रामनगर टोला नौसगड़ा में सुबह बेल के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका युवक का शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा। मृतक की पहचान सुकई पुत्र दशरथ निवासी बरातगाढ़ा टोला बढ़ैपुरवा के रूप में हुई है। स्वजन ने बताया कि रात नौ बजे वह घर से खाना खाकर निकला था। सुबह शव पेड़ से बेल्ट में लटका मिला। उसकी शादी 26 मई को तय थी। शव के पास पानी की बोतल और तीन पाऊच शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## सीमा क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने हेतु बॉर्डर एरिया डेवलेपमेंट प्रोग्राम की बैठक

महराजगंज। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के लिए स्वीकृत धनराशि से सीमा क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने के संदर्भ में चर्चा हुई। जिला सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि सीमा क्षेत्र से लगने वाले तीन तहसीलों फरेंदा, नौतनवा और निचलौल के चार विकास खंडों रतनपुर–नौतनवां, निचलौल, बृजमनगंज व लक्ष्मीपुर में बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से विकास कार्य कराया जाना है। जिलाधिकारी ने बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत एसएसबी की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने एसएसबी को अपनी आवश्यकताओं का मूल्यांकन कर शासन को सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि उन पर तत्काल कार्य आरंभ किया जा सके। उन्होंने झरई नाला व चंदन नदी पर पुल निर्माण हेतु सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी को एसएसबी के साथ निरीक्षण कर एस्टीमेट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। पुलिस विभाग हेतु नई निचलौल व नौतनवां तहसील के लक्ष्मीपुर पुलिस चौकी, शीतलापुर पुलिस चौकी, बहुआर पुलिस चौकी व भगवानपुर पुलिस चौकी के निर्माण व उन्नयन कार्यों को करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। ठूठीबारी, कसौली समेत चारों ब्लॉकों में मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। उन्होंने बॉर्डर एरिया की परिधि में आने वाले जूनियर स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनवाने का निर्देश दिया। साथ ही इस क्षेत्र के विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी महोदय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन और नए आंगनबाड़ी केंद्र बनाने व पुराने केंद्रों की मरम्मत का भी निर्देश दिया। उन्होंने बनटांगिया गांवों व मुसहर बस्तियों को चिन्हित कर विकास कार्य आरंभ करने का निर्देश दिया। सोहगीबरवा क्षेत्र में स्थित काठ बंगले के उन्नयन का भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। निर्माणाधीन सोनौली बस स्टैंड की कार्ययोजना व किये गए कार्यों का विस्तृत ब्यौरा फोटो सहित उपलब्ध कराने का निर्देश देने के साथ ही निर्माण कार्यों के स्थलीय निरीक्षण हेतु उपजिलाधिकारी नौतनवां को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि 2 दिनों के भीतर अनुमानित लागत के साथ कार्ययोजना प्रस्तुत करें ताकि विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। बैठक में एसएसबी के वरिष्ठ पदाधिकारी, एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा नौतनवा, निचलौल व फरेंदा तहसील के उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी समेत संबन्धित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एक सप्ताह से किशोर लापता

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। बेलघाट थाना क्षेत्र के कस्बा बेलावं उर्फ शाहपुर निवासी महेंद्र कुमार ने सीओं गोला को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की हैं कि उनका पुत्र अमृत लाल 15 अप्रैल से घर से लापता है। रिस्तेदारो और संगे संबंधियों के वहां खघेज बिन करने के बाद भी कहीं कोई पता नहीं चल पाया है। घर वाले किसी अनहोनी के भय से भयभीत हैं। जानकारी के अनुसार अमृत लाल ने इस बार इंटरमीडिएट की परीक्षा दी है। शुक्रवार को किसी काम के बहाने घर से निकला था। शाम को घर न आने पर परिवार वालों ने उसके दोस्तों और रिश्तेदारों के घर खोज कर रहे हैं लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। उसका मोबाइल नंबर भी बंद है।



# चार दिन बाद मिली बिजली तो लोगों ने ली राहत की सांस

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के गोला कौड़ीराम रोड़ स्थिति डड़वा चौराहे से मझगांवा लिंक मार्ग पर पाण्डेयपार उर्फ डड़वा के पास शनिवार की शाम को एक ओवर लोड ट्रक में 11 हजार बोल्ट बिजली का तार फस गया। जिसके चलते एक खम्भा सहित तार टूट कर गीर गया और डड़वा चौराहे से लगायत, पाण्डेयपार उर्फ डड़वा, राजगढ़, बरईटोला की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जिसे ग्रामीणों के अथक प्रयास पर आज दोपहर में विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। तो लोगों ने राहत की सांस ली। चार दिन पहले गिरे पोल के चलते आम जन मानस को इस उमस भरी गर्मी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा विशेष कर रोजेदार, बुजुर्ग और छोटे बच्चे। लोगों के दिनचर्या का सारा सामान बंद पड़ा था। लोग पांच रुपये देकर मोबाइल चार्ज कराने पर मजबूर थे। अस्थायी लोग पोल लगवाने के लिए गोला विद्युत उप केन्द्र से लगायत जेई तक काफी प्रयास कीया काफी प्रयास के बाद दोपहर बाद पोल खड़ा कर तार चढ़ा दिया है। अभी को मीली बिजली तो लोगों ने राहत की सांस ली।

# विश्वविद्यालय स्थापित कराने हेतु युवाओं ने मुहिम की तेज

## टीम 50 की मांग, सोनभद्र में स्थापित हो विश्वविद्यालय

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शासन द्वारा स्वीकृत विंध्याचल मंडल में विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर सोनभद्र के युवाओं ने जनपद सोनभद्र में राज्य विश्वविद्यालय खोले जाने के लिए मुहिम को तेज कर दिया है। कई दिनों से पत्राचार करने के साथ अब मुहिम को आगे बढ़ाते हुए नए सिरे से अभियान सोशल मीडिया पर शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सोनांचल स्थित टीम 50 से जुड़े युवा कार्यकर्ता विंध्याचल मंडलायुक्त को ज्ञापन देने के बाद फेसबुक ट्विटर पर सोनभद्र को राज्य विश्वविद्याल देने की मांग करते नहीं थक रहे है। टीम 50 के इस मुहिम को सोशल मीडिया पर हर वर्ग के लोगों का सहयोग और समर्थन मिल रहा है। टीम50 के कार्यकर्ता नीतीश कुमार चतुर्वेदी ने हैज टैग के साथ श्सोनभद्र को विश्वविद्यालय दोश् स्लोगन के साथ ट्विटर पर अभियान तेज कर दिया है। उनके इस अभियान को जनपद के युवाओं के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों,साहित्यकारों और व्यापारियों द्वारा सराहा भी जा रहा है। वही टीम 50 के राम अनुज धर द्विवेदी, सनातनी दीपक पंडित, सुनील आदिवासी, अनुराग पांडेय, लोकेश उपाध्याय, चंदन महादेव, सूरज प्रसाद चौबे, करुणा त्रिपाठी आदि युवा लगातार उनके फेसबुक और ट्विटर पर ट्वीट कर विश्वविद्यालय सोनभद्र में स्थापित करने के लिए सक्रियता से लगे हुए हैं। इस मुहिम को धार देने में डाला नव निर्माण सेना के संरक्षक एवं ओबरा पीजी कालेज के पूर्व महामंत्री अनिकेत श्रीवास्तव भी जुट गए हैं। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश का सबसे आखिरी जनपद जो चार राज्यों से घिरा है। ऐसे में राज्य विश्वविद्यालय जनपद सोनभद्र में बनेगा तो सीमावर्ती राज्यों के भी लोगों को उच्च शिक्षा से जुड़कर मुख्य धारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। अंशु पटेल, श्रीकांत पांडेय, प्रशांत पाल सहित सैकड़ों छात्र इस मुहिम को अपने भविष्य के रूप में देख रहे है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं आदिवासियों के हक के लिए कई वर्षों से संघर्षरत अंकुश दुबे भी सोनभद्र में राज्य विश्वविद्यालय की मांग को लेकर लोगों का समर्थन प्राप्त करने में जुट गए हैं।

उनका कहना है कि सोनभद्र आदिवासी बाहुल्य जनपद है जहां बहुतायत जनसंख्या आदिवासी गिरिवासी निवास करती है, जिनके पास आजीविका का मात्र एक साधन मजदूरी है। ऐसी स्थिति में अपने बच्चों की उच्च स्तरीय पढ़ाई के लिए उनका सोचना भी चांद पर जाने के बराबर है। उन्होंने कहा है कि यदि शासन द्वारा विंध्याचल मंडल में स्वीकृत राज्य विश्वविद्यालय सोनभद्र में स्थापित हो जाए तो आदिवासियों के बच्चों के भविष्य उच्च शिक्षा से जुड़कर संवर जाएंगे।

उनके इस मुहिम में शिवानन्द यादव, ज्योति प्रकाश दुबे, दया सागर दुबे, शक्ति आनन्द कनौजिया, विनोद शर्मा, हरिनाथ खरवार, शिवलाल, मनोज, जनेश्वर दुबे समेत क्षेत्रीय लोग जुड़कर उन्हें अपना सम्बल प्रदान कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता मनीष देव, विवेक देव, सुनील पांडेय, अतुल पाल, ऋतिक चतुर्वेदी, उत्कर्ष पांडेय, अनूप कुमार मिश्रा राज्य विश्वविद्यालय सोनभद्र में बनाए जाने को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक करने में लगे हुए हैं। इन सभी लोगों का मानना है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को इस जनपद ने चारों विधानसभा क्षेत्रों की सीटों पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों को इसी उम्मीद के साथ जिताया है कि उन्हें सोनांचल के युवाओं के भविष्य को विकसित करने में उनका सहयोग प्राप्त होगा। सब मिलाकर अब यह देखना है कि सोनभद्र के युवाओं को राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करा पाने में कहां तक शासन प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त हो पाता है और वह अपने इस पुनीत मकसद में कहां तक सफल हो पाते हैं।

# नवरात्रि मेला आयोजन समिति का हुआ सम्मान

## सफल आयोजन के लिए मेला समिति हुई सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र/शक्तिनगर। आदि शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर परिसर में चौत्र नवरात्रि में लगने वाले मासिक मेले के सफल आयोजन हेतु समापन उपरांत मेला सेवा समिति के सदस्यों को कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शक्तिनगर थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्र ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस वर्ष निःशुल्क मेले का आयोजन मेला सेवा समिति का गठन कर किया गया था। मेला व मंदिर में नवरात्रि के दौरान बेहतरीन व्यवस्था हेतु सभी ने मेला सेवा समिति सदस्यों का अभिनंदन किया। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने समाज के सभी वर्गों, मेला सेवा समिति सदस्यों व मीडिया बंधुओं के उपस्थिति हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। कोरोना महामारी के बाद इस बार मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। वहीं जानकार बताते हैं कि देश के आजादी के पहले सन 1942 से चौत्र नवरात्रि में आदि शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर परिसर में मेले का आयोजन होता रहा है। मेला सेवा समिति अध्यक्ष आशीष चौबे ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मां जगदंबा की कृपा से मेला सकुशल संपन्न हुआ और माता ज्वालामुखी की कृपा ही रही की इस बार चौन स्नैचिंग, पॉकेटमारी, छेड़खानी आदि घटना देखने सुनने को नहीं मिली। मेला सेवा समिति के सभी सदस्यों ने पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। मेला सेवा समिति अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रुप से आशीष चौबे, पवन सोनी, अमित चंद्रवंशी, अमित कुमार, महानंद गिरी, संदीप मिश्र, रितेश शर्मा, मनोज चंद्रवंशी, कुंदन झा, अकाश कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, मीडिया बंधु सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा एवं संचालन सत्य प्रकाश सिंह ने किया।



# शासन के निर्देशानुसार नगर के अवैध वाहन स्टैंडों को कराया गया खाली

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज नगर में अवैध स्टैंड बनाकर डग्गामारी करने वालों पर शासन के आदेश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की जिससे पूरे दिन ऑटो और बस चालकों में भगदड़ मची रही। एसडीएम सदर, कानूनगो, सीओ सिटी, कोतवाल, कस्बा चौकी प्रभारी और यातायात प्रभारी सहित पुलिस टीम ने अवैध वाहन स्टैंड पर वाहनों को जब्त कर सीज करने के साथ चालान की कार्यवाही की। दोपहर में सदर एसडीएम राजेश कुमार सिंह और सीओ सिटी राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी सत्यनारायण मिश्रा, यातायात प्रभारी राजेश सिंह समेत भारी पुलिस बल व नगर पालिका कर्मचारियों ने नगर के बढ़ौली चौक और धर्मशाला चौक पर फ्लाईओवर के नीचे अनाधिकृत वाहन स्टैंड बनाकर खड़े बसों और ऑटो पर जैसे ही कार्यवाही शुरू की अनाधिकृत वाहन स्टैंडों में खड़े वाहन चालकों में अफरा–तफरी मच गई कुछ चालक वाहन छोड़कर इधर–उधर खिसक गए, उनके वाहनों का चालान किया गया तथा मौके पर ड्राइवर सहित पाए जाने पर वाहन को सीज कर दिया गया। साथ ही उन्हें हिदायत दी गई कि आगे से अगर कोई नंबर ट्रेकर या चालक अनाधिकृत रूप से नगर में वाहन स्टैण्ड का रुप देने की कोशिश करेगा उनके ऊपर कार्यवाही की जाएगी।इस तरह से चलने वाले स्टैण्ड के कारण चालक सड़क की पटरियों पर चौराहों के पास इस तरह से वाहन खड़ा करते थे जिससे कि अक्सर जाम लग जाया करता था, लेकिन जो संयम के साथ ब्रिज के नीचे चौराहे से थोड़ी दूर सवारियों को बैठाते थे उससे किसी को कोई समस्या नही होती थी बल्कि सवारियों को भी सहूलियत थी लेकिन ज्यादा चक्कर लगाने के लिए वे लोग सवारियों को बैठाने के लिए सड़कों पर निकल आते थे जिससे जाम की स्थिति बन जाती थी।



# बदहाल मातृ शिशु कल्याण केंद्र और नया बना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मिला बंद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के जानीपुर स्थित मातृ शिशु कल्याण केंद्र सरकार की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा। शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद आम जनमानस को इस सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जानीपुर स्थित मातृ शिशु कल्याण केंद्र की स्थिति अत्यंत खराब मिली। ग्रामीण रवि, आकाश, राजदेव, आलोक, आदि ने महीने में एक दिन केन्द्र खुलने की बात बताई। और प्रशासन से इसका ठीक से संचालन कराने और अन्य जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए जाने की मांग की। गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुरक्षित प्रसव सुविधा और बच्चों के नियमित टीकाकरण के लिए जानीपुर क्षेत्र के राजस्व गाँव नेवरा, बरईपुरा, झझवा, जगदीशपुर, मिश्रौली, परसिया, भरवलिया, बलिया सहित दर्जनभर गांवों के हजारों लोगों की सुविधा के लिए खोले गए इस मातृ शिशु कल्याण केंद्र की हालत खस्ताहाल हैं। यहाँ विद्युत व्यवस्था भी नहीं दिखा। और इस जर्जर भवन में गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

साथ ही यहाँ पर नये बने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सी एच ओ नियुक्त नही हुए है। जिससे लोगों को इस आरोग्य केन्द्र से भी कोई सुविधा फिलहाल नहीं मिल पा रही है। बताते चलें कि सरकार ने इन केंद्रों को लाखों की कीमत से निजी भवन भी उपलब्ध कराए। लेकिन यहां तैनात एएनएम असुरक्षा की भावना के चलते केंद्रों पर नहीं आती हैं। इन महिला कर्मचारियों को रात में भी केंद्रों पर ठहरने के निर्देश हैं। पर इन केंद्रों में हर समय ताला ही जड़ा रहता है।

ऐसे में न तो गर्भवती महिलाओं को बेहतर प्रसव सुविधा मिल पा रही है और न ही बच्चों का टीकाकरण ही इन केंद्रों पर हो पा रहा है। और तो और प्रसव के लिए भी महिलाओं को दूर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। रास्ते ऊबड़ खाबड़ होने से तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दूरी अधिक होने से रास्ते में ही प्रसव हो जाते हैं। इससे प्रसव के बाद महिलाओं को शासन से दी जाने वाली 1400 रुपए की आर्थिक मदद भी नहीं मिल पाती है। जानीपुर का यह मातृ शिशु कल्याण केंद्र सरकार की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका। इस संबंध में टेलीफोनीक पूछने पर यहाँ तैनात एएनएम प्रिया जो लगभग 11 किमी दूर कौड़ीराम में किराये का कमरा लेकर रहती हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित डॉ और जरूरी सामान नही होने से प्रसव नही कराया जाता। केवल महीने के पहले बुधवार को केंद्र खुलता है। महीने में आठ दिन हम टीकाकरण अलग अलग गाँवो के प्राथमिक विद्यालयों पर जाकर आंगनवाड़ी और आशा के सहयोग से करतीं हैं। वो बुधवार को आशा विंध्यवासिनी राय के साथ मिश्रौली प्राथमिक विद्यालय में टीकाकरण कर रहीं थी। वहीं आशा विद्यावती पाठक और संध्या ने बताया कि हम एएनएम के निर्देश पर गांव–गांव घूमकर पोलियो की खुराक व दवा आदि वितरित करती है, यहाँ प्रसव नहीं होता है। कौड़ीराम स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ सन्तोष वर्मा से इस केन्द्र के जर्जर हालत पर पूछने पर उन्होंने कहा कि प्रधान व एएनएम के खाते में मेंटिनेंस का पैसा हर वर्ष आता है। उन्होंने क्यों नहीं मेंटिनेंस कराया हम पता करते हैं। डीपीएम से जाँच कराते हैं। खुलने के विषय मे पूछने पर बताए कि माह के प्रथम बुधवार को खुलता है। बाकी रोस्टर के अनुसार गांव–गांव जाकर टीकाकरण होता है। उसी परिसर में नए बने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के बन्द रहने के विषय मे बताए कि अभी वहाँ किसी कर्मचारी की नियुक्ति नही हुई है। जबकि सरकार द्वारा सभी एएनएम को नियमित केंद्र संचालन के निर्देश हैं। और मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रधान और एएनएम के संयुक्त खाते में मेंटिनेंस आदि जरूरी कार्यो हेतु धन आता है। प्रधान प्रतिनिधि रामानंद यादव ने बताया कि यहां तैनात एएनएम प्रिया जगह–जगह जाकर टीकाकरण करती हैं जिनका सहयोग आशा आंगनवाड़ी भी करती हैं। लचर भवन और विद्युत व्यवस्था के विषय में पूछने पर उन्होंने कहा कि इसके लिए पत्राचार किया गया है। जल्द सबकुछ ठीक करा लिया जाएगा। पूर्व प्रधान राजेश सिंह राजन ने कहा कि ग्रामीणों को हो रही असुविधा के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। यह उनकी उदासीनता है कि उन्होंने इस केंद्र पर ध्यान क्यों नहीं दिया।




# मंदिर और मस्जिद से उतारा गया लाउडस्पीकर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र/शक्तिनगर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा धार्मिक स्थलों से अवैध लाउड स्पीकर हटाए जाने के आदेश के बाद सोनभद्र जिले में भी पुलिस प्रशासन सक्रिय दिख रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शक्तिनगर थाना क्षेत्र में मंदिर और मस्जिद पर लगे लाउडस्पीकर को पुलिस प्रशासन ने अपनी उपस्थिति में उतरवाए। चिल्काटांड मार्केट स्थित मस्जिद, एनटीपीसी आवासीय परिसर शिव मंदिर सहित नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवा लिया गया। शक्तिनगर थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि शासन के आदेश के क्रम में धर्म स्थलों पर तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर नहीं बजाए जाएंगे। ध्वनि की तीव्रता इतनी होगी परिसर के बाहर आवाज ना जाए। सभी धर्म गुरुओं से अपील है कि न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए लाउडस्पीकर निर्धारित ध्वनि तीव्रता के अनुसार ही बजाएं। शक्तिनगर स्थित आदि शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर मुख्य पुजारी श्लोकी प्रसाद मिश्रा ने कहा कि हमारे मंदिरों में तो पूजा पाठ की सनातनी परंपरा है, जिसके अनुसार विधिवत पूजन किया जाता है। पूजा–पाठ भगवान तक अपनी बात पहुंचाने का माध्यम है, भगवान भक्त के भाव को समझते हैं, इसमें किसी तरह के शोर–शराबे की आवश्यकता ही नहीं है। हम सभी को यह ख्याल रखना चाहिए कि हमारी पूजा से किसी दूसरे को तकलीफ ना पहुंचे।



# लायंस क्लब की अनूठी पहल, गर्मी से राहत को स्कूल को दिए 06 छत के पंखे




दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र/शक्तिनगर। लायन्स क्लब, विद्युत विहार के सदस्यों द्वारा तारापुर खड़िया स्थित प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों व शिक्षकों को गर्मी से निजात दिलाने में सहयोग हेतु 06 छत के पंखों को वितरित किया गया। क्लब द्वारा पहले भी स्कूल के सभी विद्यार्थियों को स्वछता के प्रति जागरूक करने हेतु स्वछता किट का वितरण किया जा चुका है। स्कूल में शिक्षण कार्य हेतु लायंस क्लब द्वारा समय–समय पर बेहतर वातावरण बनाने व विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु प्राचार्य व शिक्षकों ने क्लब सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्विस चेयरपर्सन लायन केबी मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष व मंडल इंनर कैबिनेट सदस्य लायन एसपी सिंह, पूर्व अध्यक्ष लायन ओपी बंसल, उपाध्यक्ष लायन सर्वेश सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान चिंतामणि जायसवाल, हेमंत मिश्र के अलावा अन्य सदस्य व क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## सूचना

मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 2278845 वर्ष 2017 और इंटरमीडिट अनुक्रमांक 2393999 वर्ष 2019 वास्तव में कहीं खो गया है।

**रहिमुन्निशा बंजारा**
**पुत्री रियाजुल बंजारा**
**ग्राम गनेरा**
**पोस्ट सोहास**
**जिला सिद्धार्थनगर।**

# नोडल अधिकारी ने करमा व केकराही गेहूं क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय सहकारी समिति करमा और केकराही गेहूँ क्रय केन्द्र का निरीक्षण नोडल अधिकारी आनन्द प्रकाश ने किया और केन्द्र प्रभारीयों को आवश्यक निर्देश दिए, करमा के केन्द्र प्रभारी प्रविण कुमार तिवारी ने बताया कि अब तक 64 किसानों से 2446 कुन्तल गेहूँ की खरीद की गयी है, वहीं केकराही के प्रभारी सुरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि 26 किसानों से 1011 कुन्तल गेहूँ की खरीद की गयी है, अभी तक किसी भी किसान का भुगतान नही हुआ है, खरीद सुचारू ढंग से चल रही है।

# जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जताई नाराजगी, कई लोगों पर कार्रवाई किये जाने के दिये निर्देश

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने विकासखण्ड कसमण्डा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण से आधार सीडिंग की जानकारी ली तथा सत्यापित हो चुके आधार कार्डों का विवरण भी देखा। पेंशन के लाभार्थियों को चिन्हित करने के लिये गांव में कैम्पों के आयोजन की जानकारी भी ली तथा गांवों में आधार सीडिंग एवं ऑनलाइन फार्मों की की स्थिति के विषय में जानकारी ली। चिन्हित किये गये नए लाभार्थियों के विवरण की भी जिलाधिकारी ने जानकारी ली। कार्यालय में टूटे फर्नीचर एवं गन्दगी देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की एवं साफ –सफाई के निर्देश भी खण्ड विकास अधिकारी को दिये। सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता के रिकार्ड का परीक्षण किया। गेहूं खरीद का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कितनी सहकारी समितियां हैं। आदि के रजिस्टर, उर्वरक, ऋण के दस्तावेज दिखाने के निर्देश दिये। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता द्वारा मूल विवरण प्रस्तुत न करने पर कड़ी चेतावनी देते हुये कार्य शैली को सुधारनें एवं समय से कार्यालय में उपस्थित होने की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी कृषि रामवीर सारस्वत से किसान सम्मान निधि की प्रगति की जानकारी ली एवं ब्लॉक में कितने लाभार्थी किसान सम्मान निधि से लाभान्वित हो रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष में कितने लाभार्थियों के खातों में किश्त पहुंच चुकी हैं। बीज वितरण की क्या स्थिति हैं आदि के रजिस्टर मांगे। सहायक विकास अधिकारी कृषि द्वारा कोई भी रजिस्टर प्रस्तुत न करने पर व जिलाधिकारी के किसी भी प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थ पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी कृषि रामवीर सारस्वत को निलम्बित करने के निर्देश दिये। एडीओ पंचायत कसमण्डा बलराम बाजपेयी से पंचायत के कार्यों की जानकारी लेने, स्कूलों के कायाकल्प की जानकारी मांगनें पर बलराम बाजपेयी द्वारा न ही कोई दस्तावेज प्रस्तुत कर पाये और न ही जिलाधिकारी के प्रश्नों का स्पष्ट उत्तर दे सके। जिससे जिलाधिकारी ने बलराम बाजपेयी का वेतन रोकने एवं निलम्बित करने के निर्देश संबंधित को दिये। मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुये एपीओ मनरेगा से पिछले वर्ष किये गये कार्यों की फाईलों की समीक्षा करते हुये किये गये भुगतान, कार्यदिवस आदि विवरणों को देखा। जिसमें ग्राम पंचायत मानपारा में मनरेगा श्रमिक रामकिशोर एवं बाराती लाल के कार्यदिवसों को आनलाइन चेक कराया। दोनों की उपस्थिति 100–100 दिन देखी गयी। जिससे जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि इन श्रमिकों का क्रास चेक कराया जाये कि यह दोनों श्रमिक जनपद के बाहर हैं या फिर गांव में हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि पात्र लाभार्थियों को ही मनरेगा जॉब कार्ड जारी करते हुये उन्हें कार्य दिया जाये तथा आपात्रों को किसी भी दशा में लाभान्वित न किया जाये। ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारियों की सेवा पुस्तिका में दर्ज विवरणों का भी परीक्षण किया एवं निर्देश दिये कि जो भी अंकित होना है वह विवरण समय से अंकित किया जाये। मतदान पेंटिकाएं खुले में पड़ी होने पर खण्ड विकास अधिकारी अवध प्रताप सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुये मतदान पेटिकाओं को सुरक्षित स्थान पर रखने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण, आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के दिये निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश



बलरामपुर। जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर नरेन्द्र बहादुर द्वारा जिला जेल, बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष द्वारा भोजनालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें जेल मेन्यू के अनुसार बन्दियों को भोजन उपलब्ध कराने हेतु प्रभारी जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया एवं महिला बैरिक का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय महिला बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया, तो महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि कोविड के टीके का प्रमाण पत्र दिलाने की याचना की गयी। इस मौके पर उनके द्वारा प्रभारी जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि कोविड का प्रमाण पत्र सभी महिला बन्दियों को तत्काल उपलब्ध कराये और उनके द्वारा बन्दियों के पास अपने मामले के पैरवी हेतु अधिवक्ताओ की उपलब्धताध पैरवी के सम्बन्ध में पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि यदि किसी बन्दी के पास अपने मुकदमें के पैरवी हेतु अधिवक्ता न हो तो जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर को भेज सकते है। जेल अधीक्षक को कारागार की समुचित साफ–सफाई, बन्दियों को पीने योग्य पानी की उपलब्धता, गर्मी में मच्छरों से बचने हेतु नियमित फागिंग कराये जाने तथा बीमार बन्दियों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार महिला बन्दियों के साथ रह रहे सभी बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। जिला कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में नामित पी0एल0वी0 द्वारा सभी बन्दियों का डाटा कम्प्यूटर पर अपलोड कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया जिससे समय पर सूचना मिल सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रत्नेश दीपकमल आनन्द, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञानेन्द्र कुमार एवं उपकारपाल व अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई संचारी व दस्तक अभियान की बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी व दस्तक अभियान के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उन्होंने सभी अधीक्षकों से इन्द्रधनुष, दस्तक अभियान, मश्तिष्क ज्वर से संबंधित कार्यों की समीक्षा की एवं प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न होने पर महमूदाबाद, मछरेहटा, सिधौली, सीतापुर अर्बन, रामपुरमथुरा, बेहटा, बिसवां, लहरपुर, गोंदलामऊ, रेउसा, परसेण्डी, पिसावां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को फ टकार लगायी। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि अपने.अपने क्षेत्र में लक्ष्य के सापेक्ष 30 अप्रैल तक वास्तविक रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को इन क्षेत्रों के बीपीसीएम का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यों की समीक्षा की एवं उनके द्वारा किये गये एक.एक कार्य की जानकारी प्राप्त की। निर्देश दिये कि न्याय पंचायत स्तर पर रोस्टर तैयार कर सप्ताह में प्रत्येक ग्राम पंचायत में एन्टीलार्वा, फागिंग, चूना का छिड़काव कराया जाये तथा झाडियों साफ –सफाई, नालों की साफ –सफाई व तालाबों की साफ सफाई प्रत्येक स्थिति में हर.हाल में कराना सुनिश्चित करें। अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिये टीमों का चयन करते हुये जागरूकता जनता के बीच में पहुंचे एवं प्रत्येक व्यक्ति तक इन बीमारियों के प्रति जागरूकता पहुंचायें। बीमारी के लक्षणों के विषय में अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सभी अधिशासी अधिकारी अपने.अपने क्षेत्रों में करें। एम्बुलेंस एवं दवाओं की व्यवस्था पूर्व में ही कर ली जाये। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि उनकी उपस्थिति चिकित्सालय में अनिवार्य है। लापरवाही बरतनें एवं अनुपस्थित रहने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बीपीसीएम के सहारे सीएचसी एवं पीएचसी को न छोड़ी जाये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि कोई भी बीपीसीएम स्वयं एमओआईसी बनने की कोशिश न करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संचारी व दस्तक अभियान में एक बैठक ग्राम प्रधानों, अध्यापकों, चौकीदार, एएनएमए आशा, आंगनबाड़ी की ब्लॉक स्तर पर की जाये और सभी को दस्तक संचारी अभियान के संबंध में संवेदीकरण किया जाये। शहरी क्षेत्रों में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा पार्षदों की बैठक की जाये। सुअर पालकों को शहर से बाहर बसने के लिये प्रेरित किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्भव हो सके तो सुअरों को मच्छरदानी नेट में रखा जाये ताकि मच्छरों द्वारा किसी प्रकार के इन्फेक्शन का खतरा न रहे। उन्होंने कहा कि जो हैण्डपम्प खराब हैं उनका एक रजिस्टर में रिकार्ड बनाये व उनकी मरम्मत करायी जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला बेसिक शिक्षा अजीत कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में .जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गयी। बैठक में मिश्रिख, महमूदाबाद, महोली, बिसवां की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को जल्द से जल्द एफ आरयू यूनिट के रूप में क्रियाशील करने के निर्देश दिये गये। सभी प्रकार के सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों के बाहर सेवाओं के नाम की सूची लिखने के निर्देश दिये गये। टेलीमेडिसिन की शुरूआत करने के भी निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सकों जैसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, समस्त अपर उप मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि वे भी ओपीडी मरीजों को अवश्य करें। बैठक में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के लिये निर्देश दिये गये। उन आशाओं को चिन्हित करने के निर्देश जिन्होंने अपने क्षेत्रों में 2–3 माह में एक भी संस्थागत प्रसव नहीं करवाया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि टीम द्वारा स्कूलों को विजिट करने का माइक्रोप्लान जल्द बना लें। हर स्कूल में दो बार टीम अवश्य भ्रमण करेगी।

## थाना हरैंया से 3 नफर वारन्टी गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना द्वारा




अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना हरैंया प्रमोद कुमार सिंह मय उ0नि0 रामकृपाल वर्मा, उ0नि0 कमलेश कुमार यादव, हे0 का0 सुनील कुमार, हे0 का0 दीन दयाल सिंह, का0 वासुदेव प्रसाद, का0 गौरव शर्मा, हे0का0 किशुन प्रसाद, का0 सत्यप्रताप सिंह, म0का0 वाज्या लक्ष्मी, के द्वारा न्यायालय द्वारा जारी किये गये वारंट के अनुपालन मे भिन्न–भिन्न स्थानो से कुल 3 नफर वारन्टियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## उतरौला में सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले 33 के खिलाफ केस

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला/बलरामपुर। हाईकोर्ट के आदेश से तालाब, परती व रास्ते की भूमि पर से अवैध कब्जा हटाने के लिए नगर पालिका परिषद उतरौला ने एसडीएम उतरौला के न्यायालय पर 33 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस पर एसडीएम उतरौला न्यायालय ने सभी को नोटिस जारी कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। न्यायालय की इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया है। उन्होंने कहा कि गाटा संख्या 5287, 5288 की लगभग दस एकड़ जमीन बंजर व परती गाटा संख्या 1291 की लगभग तेरह एकड़ जमीन तालाब व गाटा संख्या 5329 की लगभग पैंतालीस एकड़ जमीन रास्ते के खाते में दर्ज थी। उक्त भूमि सुरक्षित भूमि होने के बाद लोगों ने बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश से अपने नाम अभिलेखों में दर्ज कराकर मकान का निर्माण कर लिया है। इसकी जानकारी होने पर कुछ लोगों ने फर्जी आंकना को निरस्त करने व सुरक्षित भूमि पर अवैधानिक ढंग से मकान का निर्माण करने के खिलाफ याचिका उच्च न्यायालय लखनऊ में दायर की थी। उच्च न्यायालय ने प्रस्तुत अभिलेखों को देखते हुए नगर पालिका परिषद उतरौला व जिलाधिकारी बलरामपुर को सुरक्षित भूमि पर फर्जी आंकना निरस्त करने व उसपर बने मकानों को गिराने का आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय लखनऊ का आदेश मिलते ही नगर पालिका परिषद उतरौला व अवैध कब्जेदारो में हड़कंप मच गया। नगर पालिका परिषद उतरौला के वाद पर न्यायालय ने सभी 33 लोगों को नोटिस जारी किया है।

## महिला का आरोप साजिश के तहत पडोसी ने मेरे पुत्र को भेजवाया जेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां/महराजगंज। पीडित महिला ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक लखनऊ राज्य महिला आयोग सहित पुलिस अधिक्षक महराजगंज को पत्र भेज लगाई न्याय की गुहार नौतनवां थाना क्षेत्र के वार्ड नं 15 सरोजनी नगर निवासी सुधा देवी पत्नी अष्टभुजा दुबे ने उपरोक्त लोगो को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। अपने पत्र मे महिला सुधा देवी ने लिखा है की बीते 13 दिसम्बर को फूलमाली गली के पास स्थित सीमेंट दुकानदार ने मेरे 13 वर्षीय पुत्र हिमांशु पर सीसीटीवी और एलसीडी चुराने के झूठे आरोप लगाकर मेरे पुत्र को जेल भेजवा दिया है। उक्त दुकानदार आयदिन हम सब परिवार को जान से मारने गाली गुफ्ता के साथ शारिरिक व मानसिक रुप से परेशान कर रहा है। जिससे आजिज आकर मुख्यमंत्री, महिला आयोग, पुलिस महानिदेशक, सहित एसपी महराजगंज, को रजिस्ट्री पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

## आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश हेतु अभिभावक, छात्र-छात्राएं प्राप्त करें आवेदन फार्म

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी एम0पी0 सिंह ने बताया कि समाज कल्याणध जनजाति विकास विभाग द्वारा जनपद में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सेखुईकलां, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बालापुर व राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय विशुनपुर विश्राम, बलरामपुर में शैक्षिक सत्र 2022–23 में कक्षा 06, 07, 08 व 09 में लिखित परीक्षा तथा कक्षा 11 में मेरिट के आधार प्रवेश लिये जाने हेतु इच्छुक अभिभावकध्छात्र–छात्राएं किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित संस्था के कार्यालय से प्रवेश परीक्षा फार्म प्राप्त कर आवेदन कर सकते है।

जिसमें आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 08 मई, परीक्षाणोपरान्त पात्र आवेदकों की सूची प्रकाशन की तिथि 10 मई, प्रवेश परीक्षा आयोजन की तिथि 14 मई, सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन एवं प्रवेश प्रकिया प्रारंभ की तिथि 17 मई, 2022 निश्चित की गयी है। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (बालिका) सेखुईकला कक्षा–6 में प्रवेश परीक्षा के लिए 70 सीट, 07 में 23, 08 में 23, 09 में 26, 11 में 70 सीट रिक्त है। जिसमें 60 प्रतिशत अनु0जा0, 25 प्रतिशत पिछड़ी व 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के लिए आरक्षण दिया जायेगा। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (बालिका) विशुनपुर विश्राम, पचपेड़वा में कक्षा–06 में 35, 07 में 03, 08 में 00, 09 में 07, 11 में 40 सीट जनजाति बालिकाओं हेतु रिक्त है। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (बालक) बालापुर, गैसड़ी कक्षा–06 में 35, 07 में 10, 08 में 00, 09 में 05, 11 में 40 जनजाति बालक हेतु रिक्त है।

## दिव्यांगजन हेतु विशिष्ट दिव्यांगता पहचान यूडीआईडी कार्ड बनाने की परियोजना की शुरुवात

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन हेतु विशिष्ट दिव्यांगता पहचान (यूडीआईडी) कार्ड बनाने की परियोजना की शुरुवात की गयी है। इस परियोजना का प्रमुख उद्देश्य है कि देश के सभी दिव्यांगजन का समग्र डाटाबेस विकसित हो और इसके तहत दिव्यांगजन का एक ऐसा पहचान पत्र और दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत हो, जो पूरे भारत के लिये मान्य हो। उन्होंने दिव्यांग भरण–पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनों से अपील किया है कि जिनका यूडीआईडी नहीं बना है वह अपना विशिष्ट दिव्यांगता पहचान कार्ड हेतु पोर्टल ीजजचरू॒असंउइंदबंतक.हवअ.पदध्पर ऑनलाइन कराये या अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, ब्लड ग्रुप, वैवाहिक स्थिति, शैक्षिक योग्यता, पूरा पता, हस्ताक्षर या थम्ब, रंगीन फोटोग्राफ, आधार कार्ड, सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं मोबाइल नम्बर आदि अभिलेख कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन में शीघ्र उपलब्ध कराये। यूडीआईडी कार्ड विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के लिए अनिवार्य है।

# नहरों व अन्य सिंचाई संसाधनों के निर्माण से 21.37 लाख हे0 भूमि की अति0 सिंचन क्षमता में हुई वृद्धि

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग किसानों को फसलों की सिंचाई हेतु भरपूर पानी मुहैया करा रहा है। नहरे प्रदेश के कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए नहरें अमूल्य निधि है। फसलों की सिंचाई के संसाधनों में नहरों से सिंचाई को सबसे अच्छा साधन माना गया है। नहर प्रणाली से कई लाभ होते हैं। नहरों के पानी से धरती में वाटर रिचार्ज होता रहता है। पशु–पक्षियों, वन्य जीवों को पीने का पानी मिलता रहता है। नहरों के किनारे वृक्षारोपण कर वनाच्छादन बढ़ाया जाता है। मछली व अन्य जलीय जीवों की संख्या में वृद्धि होती है। तालाब, पोखरों में पानी भरा जाता है। किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलता है। इसीलिए विभिन्न लाभों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नहरों के सुधार, निर्माण सहित वांछित जल भण्डारण हेतु बांधों के निर्माण पर विशेष बल दिया है। उत्तर प्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 240.93 लाख हे0 है। जिसमें कुल कृषि योग्य क्षेत्रफल 188.40 लाख हे0 है तथा 165.73 लाख हे0 पर कृषि होती है। रबी एवं खरीफ फसलों को मिलाकर प्रदेश का बोया गया क्षेत्रफल 259.65 लाख हे0 होता है। किसानों को सिंचाई के लिए प्रदेश में 74660 किमी0 लम्बी नहर प्रणालियों एवं 34401 राजकीय नलकूपों, 29 पम्प नहरों, 253 लघु डाल नहरों एवं 69 जलाशयों से लगभग 93.92 लाख हे0 क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश में ऊपरी गंगा नहर, पूर्वी गंगा नहर, निचली गंगा नहर, मध्यगंगा नहर, शारदा नहर, गण्डक नहर, शारदा सहायक नहर, अपर यमुना नहर, सरयू नहर, बेतवा नहर, अपर आगरा नहर प्रमुख नहर प्रणालियॉ हैं। सिंचाई साधनों में उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु प्राकृतिक जल संसाधनों का उपयोग कर वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं के सृजन एवं निर्माण हेतु प्रदेश सरकार निरन्तर प्रयासरत है। वर्तमान सरकार के पूर्व 2016–17 तक प्रतिवर्ष उपलब्ध होने वाली अल्प धनराशि से मात्र लगभग 30,000 किमी0 नहरों की सिल्ट सफाई ही हो पाती थी। किन्तु विगत तीन वर्षों में वर्ष 2019–20 में 46822 किमी0 व वर्ष 2020–21 में 45942 किमी0 एवं वर्ष 2021–22 में 50891 किमी0 नहरों की सिल्ट सफाई कराई गई जो कि अब तक का रिकार्ड है। इन तीन वर्षों में नहरों की सिल्ट सफाई का अभूतपूर्व अभियान चलाकर सुनिश्चित की गई तथा टेल तक पानी पहॅुचाया गया। सरकार के इस कार्य से किसानों द्वारा प्रशंसा की गई है। प्रदेश में वर्ष 2016–17 में सिंचाई विभाग द्वारा प्रदेश के कुल 82.58 लाख हे0 क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, जिसे विगत पॉच वर्षों में बढ़ाकर वर्ष 2020–21 में 93.92 लाख हे0 तक पहुंचाया गया। निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं के पूर्ण होने पर प्रदेश में 21.37 लाख हे0 भूमि की अतिरिक्त सिंचन क्षमता में वृद्धि हुई है और इस वृद्धि से प्रदेश के 37.35 लाख कृषक लाभान्वित हुए हैं। विभाग में नहरों पर निर्मित पुल–पुलियों के जीर्णोंद्धारध्मरम्मत के लिए अलग से कोई धनराशि की व्यवस्था न होने के कारण पुल–पुलिया उत्तरोत्तर क्षतिग्रस्त होते जा रहे थे, जिससे कृषि कार्यों एवं सामान्य आवागमन में व्यवधान उत्पन्न होने लगा था। वर्तमान सरकार द्वारा प्रदेश में नहरों पर निर्मित क्षतिग्रस्त पुल–पुलियों के लिए प्रथम बार रू. 300 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराकर प्रदेशव्यापी महाअभियान चलाकर 25050 पुल–पुलियों का जीर्णोद्धार, पुर्ननिर्माण व नवनिर्माण कराया गया। प्रदेश में स्थित नालोंध ड्रेन्स की सफाई अल्प उपलब्ध धनराशि के कारण पहले मात्र 1500 से 1600 किमी0 प्रतिवर्ष ही हो पाती थी। वर्तमान सरकार द्वारा प्रथम बार सभी ड्रेनों की पूरी लम्बाई में सफाई कराने के लक्ष्य के अंतर्गत लगभग छः गुना धनराशि की व्यवस्था से विगत दो वर्षों में 25975 किमी0 की लम्बाई में ड्रेनों की सफाई कराई गयी। वर्ष 2021–22 में भी कुल 23043 किमी0 लम्बाई में ड्रेनों की सफाई कराई गई है। विगत वर्षों में विभाग द्वारा 2248 नये राजकीय नलकूपों का निर्माण किया गया है। जिससे लगभग एक लाख हे0 अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन किया गया। प्रदेश सरकार किसानों को अधिक से अधिक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराते हुए कृषि उत्पादन में बढ़ोत्तरी करा रही है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो होंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com



# अपने 6 माह के बेटे के साथ नेहा ने किया योगा, माँ की कॉपी करते हुए क्यूट लगा बेटा


आजकल बढ़ रही बीमारियों के बीच खुद को हेल्थी और फिट रखने के सबसे बेहतर उपाए व्यायाम को कहा जा रहा है। बॉलीवुड स्टार्स अपनी भाग–दौड़ भरी जिंदगी के बीच एक्सरसाइज करना कभी नहीं भूलते और यही उनकी फिटनेस का सबसे बड़ा सीक्रेट राज है। इसी रास्ते पर चलते हुए अभिनेत्री नेहा धूपिया ने अपने 6 माह के बेटे को भी व्यायाम सिखाने की शुरूआत कर चुके है। हाल ही में उन्होंने अपने लाडले संग योगा करते हुए की कुछ फोटोज साझा कर दी है, जिन पर स्टार्स से लेकर फैंस खूब प्यार बरसा रहे है।

इन फोटो में देखा जा सकता है कि गुरिक अपनी मां नेहा धूपिया की तरह योगासन करते हुए दिखाई दे रहे है। नेहा धुपिया अपने हाथों और पांवों के बल योग करने में लगे हुए है। वहीं नन्हें गुरिक भी उन्हीं को कॉपी करते हुए बहुत क्यूट दिख रहे है। इस बीच नेहा येलो एंड ब्लैक आउटफिट में दिखाई दे रही है। वहीं उनके बेटे ऑल व्हाइट अटायर में नजर आ रहे है। फैंस इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं और कमेंट कर प्यार भी बरसा रहे हैं।

खबरों की माने तो नेहा धूपिया ने ने साल 2018 में एक्टर अंगद बेदी संग विवाह रचा लिया है। विवाह के उपरांत कपल ने अपनी जिंदगी में 2 बच्चों– बेटी मेहर और बेटे गुरिक का स्वागत किया। जिनके साथ अक्सर कपल क्वालिटी टाइम स्पैंड करता दिखाई दे रहा है।

# रैपर बने अजय देवगन, सुनकर लोगों का दिल हुआ खुश

सुपरस्टार अजय देवगन एक बेहतरीन अभिनेता हैं और अपने काम से लेकर अपने दमदार एक्शन तक से उन्होंने लोगों के दिलों को जीता है। हालाँकि वह डायरेक्टर बनने के साथ–साथ



अब रैपर भी बन गए हैं। जी दरअसल अपनी नई फिल्म रनवे 34 के लिए अजय नए–नए अवतार धारण कर रहे हैं। आप सभी को पता ही होगा कि कुछ समय पहले उन्होंने डायरेक्टर की कुर्सी अपने नाम की और अब उन्होंने रैप की दुनिया में भी कदम रख दिया है। खबरों के मुताबिक यह रैप अजय देवगन ने अपनी नई फिल्म के प्रमोशन के लिए किया है। जी हाँ और उनके साथ नए रैप वीडियो में सभी के चहेते यशराज मुखाटे भी हैं। आप सभी देख सकते हैं यशराज मुखाटे और अजय देवगन ने बढिया रैप वीडियो बनाया है। जी दरअसल इस वीडियो में दोनों फिल्म रनवे 34 के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं। आप सभी को बता दें कि यशराज ने फिल्म के ट्रेलर से अजय देवगन का सिगरेट वाला सीन अपने रैप के लिए उठाया है और इस सीन में पायलट अजय होठों में सिगरेट दबाए नजर आ रहे हैं। वहीँ जब उन्हें सिगरेट पीने के लिए मना किया जाता है, तो वह कहते हैं– जलाया तो नहीं ना। बस यही रैप वीडियो की हुक लाइन है। आप देख सकते हैं इस वीडियो में अजय, यशराज से कहते हैं– यशराज चल रनवे 34 के लिए एक ट्रैक बनाते हैं। इसपर यशराज कहते हैं– ठीक है सर। हम गाना स्टार्ट करेंगे और फिर उसमें एक डायलॉग डाला देंगे। मैं डायलॉग पर रील बनाऊंगा और यह मजेदार होगा। वहीँ अजय देवगन का यह मजेदार और स्वैगभरा अवतार फैंस को खूब पसंद आ रहा है और फैंस उनकी तारीफ किये बिना नहीं रह पा रहे हैं। वैसे इस वीडियो पर कई फैंस ने कमेंट किए हैं। अब अगर फिल्म रनवे 34 की बात करें तो यह 2015 में हुई सच्ची घटना पर आधारित है। जी हाँ और यह फिल्म 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# रानू मंडल के बाद सोशल मीडिया पर छाया ट्रक ड्राइवर, आवाज सुनकर दीवाने हुए लोग





सोशल मीडिया पर आए दिन कोई ना कोई वीडियो वायरल होता रहता है। अब इस समय भी एक वीडियो वायरल हो रहा है जो लोगों का दिल जीत रहा है। जी दरअसल यह वीडियो एक ट्रक ड्राइवर का है जो ऐसा मधुर गाना गा रहा है कि सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए हैं। वैसे सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म बन गया है, जिस पर आए दिन कुछ ना कुछ वायरल होता रहता है। आप सभी जानते ही होंगे सोशल मीडिया देश को कई स्टार भी दे चुका है।


इस लिस्ट में रानू मंडल से लेकर भुवन बडायकर और सहदेव दिरदो तक शामिल है। अब इन सभी के बीच एक ट्रक ड्राइवर चर्चाओं में आ गया है। इस वीडियो में ट्रक ड्राइवर को मोहम्मद रफी का गाना गाते देखा जा सकता है। आप देख सकते हैं इस वीडियो को विवेक वर्मा नाम के यूजर ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जो अब चर्चा में आ गया है। इस वीडियो को शेयर करने वाले विवेक वर्मा खुद भी एक सिंगर हैं और यूथ के बीच काफी पसंद किए जाते हैं। आप सभी देख सकते हैं विवेक ने वीडियो शेयर करते हुए बेहतरीन कैप्शन भी दिया है और यही कैप्शन लोगों का दिल छू रहा है। जी दरअसल विवेक ने ट्रक ड्राइवर अंकल का वीडियो शेयर करते हुए लंबा–चौड़ा कैप्शन लिखा है। इसी के साथ ही ट्रक ड्राइवर अंकल का नाम भी बताया है।

आप देख सकते हैं विवेक ने कैप्शन में लिखा– आप सभी से कैप्शन पढने की रिक्वेस्ट करता हूं। कमलेश अंकल जीवन भर ट्रक ड्राइवर रहे हैं लेकिन जो मायने रखता है वह यह है कि वह अपनी आत्मा से एक हार्ड कोर संगीतकार और एक मोहम्मद रफी प्रशंसक रहे हैं !! बहुत कहने पर झिझक करते हुए हुए इन्होंने ये गाना गुनगुनाया !! मैंने उनके गायन में आत्मा को महसूस किया जो कहीं न कहीं हालतो में गुम हो गया। मैंने ये सिर्फ एक टेस्ट के तौर पर ट्राई किया, ताकि उन्हें बता सकूं कि वह कितना अच्छा गाते हैं।

# फैन को बेहोश होता देख टाइगर श्रॉफ ने लगा लिया गले, वीडियो वायरल




बॉलीवुड में अपनी हीरोपंती से सभी का दिल जीतने वाले टाइगर श्रॉफ इन दिनों फिल्म हीरोपंती 2 को लेकर सुर्खिर्ध्यों में है. यह फिल्म ईद पर धमाका करने को तैयार हैं। जी हाँ और इसी के चलते अभिनेता फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं। अब हाल ही में उन्हें और तारा सुतारिया को साथ एक कार्यक्रम में देखा गया था, हालाँकि इस इवेंट की लाइमलाइट टाइगर की एक फैन ले गई. जी दरअसल यह वह फैन है जो स्टेज पर टाइगर को देखकर लगभग बेहोश ही हो गईं। अब उसी दौरान का वीडियो सुखिर्ध्यों में है. आप देख सकते हैं इस वीडियो में टाइगर ने फैन को पास बुलाकर गले लगाया। अब इस समय यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जी दरअसल टाइगर इन दिनों जोर शोर से हीरोपंती 2 के प्रमोशन में लगे हुए हैं। यह वीडियो हाल ही में हुए इवेंट का है। आप देख सकते हैं इस वीडियो में भीड़ के बीच में टाइगर श्रॉफ की फीमेल फैन बेहोशी जैसी हालत में खड़ी है और उसके आसपास कुछ बाउंसर्स नजर आ रही हैं। वहीँ उसके बाद सब उस फैन को पानी पिलाने की कोशिश करती दिख रही हैं, लेकिन फैन सिर्फ टाइगर से एक बार मिलने की डिमांड करती है। वहीँ इसके बाद उस फैन को फिल्म से जुड़े क्रू और बाउंसर्स स्टेज तक टाइगर श्रॉफ के पास लेकर जाते हैं। इस दौरान टाइगर उन्हें देखते हैं गले से लगा लेते हैं और कुछ बातें करते हैं। आप देख सकते हैं इस दौरान टाइगर के इस वीडियों को देखकर पब्लिक तालियां बजाने लगती है. इस समय सोशल मीडिया पर इस वीडियो ने हंगामा मचा दिया है. वैसे अगर हीरोपंती 2 की बात करें तो फिल्म 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



# रोहित शेट्टी के फोर्स में हुई विवेक ओबेरॉय की एंट्री

अजय देवगन, अक्षय कुमार और रणवीर सिंह के बाद अब रोहित शेट्टी एक नए स्टार को पुलिस के किरदार में पेश करने वाले हैं। जी हाँ और इस लिस्ट में शामिल हुए हैं विवेक ओबेरॉय। जी दरअसल रोहित शेट्टी ने अपने कॉप यूनिवर्स से 2 और नए किरदार रिवील किए थे जिनको शिल्पा शेट्टी और सिद्धार्थ मल्होत्रा प्ले करेंगे। अब इसके बाद एक और खबर आई है। जी दरअसल शिल्पा और सिद्धार्थ के बाद अब रोहित शेट्टी ने अपनी कॉप गैंग का एक सबसे बड़ा पत्ता खोला है।

जी दरअसल रोहित शेट्टी ने आज यानी मंगलवार को अपनी अपकमिंग वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स से विवेक ओबेरॉय का लुक रिवील किया है। वहीँ विवेक का लुक देखकर उनके फैंस क्रेजी हो गए हैं। वैसे आप सभी जानते ही होंगे विवेक ओबेरॉय सबसे अनुभवी अभिनेता है और इसी के चलते फिल्म में वह सबसे सीनियर ऑफिसर का रोल प्ले करते दिखाई पड़ेंगे। आप सभी देख सकते हैं रोहित शेट्टी ने विवेक ओबेरॉय का लुक रिवील करते हुए लिखा– आपका स्वागत है विवेक।

वैसे अब ये देखना ये होगा कि क्या सीरीज में विवेक के किरदार का नाम विवेक ही होगा या फिर उन्हें कोई और नाम दिया जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि रोहित ने अभी तक उनका नाम रिवील नहीं किया है। वैसे फर्स्ट लुक पोस्टर में विवेक ओबेरॉय हाथ में गन थामे काफी एग्रेसिव लुक में नजर आ रहे हैं। आप सभी को बता दें कि विवेक ओबेरॉय एक्शन फिल्में करने के लिए मशहूर रहे हैं। जी हाँ और एक दौर में उनकी तुलना सलमान खान के साथ की जाती थी, हालाँकि फिर दबंग खान के साथ झगड़े के बाद उनके करियर में अचानक से नुकसान देखने को मिला।